हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-171, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, बुधवार 04 दिसम्बर 2024

एसडीआरएफ जवान का कमरे के अंदर फांसी के फंदे से...02

स्वास्थ्य जागरूकता के लिए अभिभावकों ...06

संसेक्स 597 अंक की तेजी के साथ 80,845 पर बंद

चांदी 1,369 रुपए महंगा हुई

SWIGGY

जुलाई-सितंबर तिमाही में स्विगी को ?626 करोड़ का घाटा

संक्षिप्त समाचार

पुलिस ने 10 हजार के इनामी कमांडर सहित 3 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

बीजापुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना मिरतुर एवं नेलसनार की अलग-अलग कार्रवाई में 10 हजार के ईनामी नक्सली जनताना सरकार सदस्य एवं सीएनएम कमांडर सहित तीन नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एक दिसंबर को थाना मिरतुर एवं 15/ई कंपनी छसबल चेरली की संयुक्त टीम साप्ताहिक बाजार प्रबंध पिनकोण्डा, एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी और वापस लौटते समय पाटलीगुड़ा पुलिया के पास उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। उन्हें पकड़ लिया गया और जांच में, उनके पास से पांच किग्रा का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर बरामद किया गया।

अदाणी मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में दरार!

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन मंगलवार को भी हंगामा जारी रहा। दरअसल, अदाणी मामले पर विपक्ष ने लोकसभा से वॉकआउट किया। उसके बाद संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करने लगे। विपक्षी दलों के सांसदों के हाथ में मोदी-अदाणी एक हैं और भारत अदाणी के खिलाफ जवाबदेही की मांग करता है, लिखी तख्तियां दिख रही थीं। इस प्रदर्शन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी शामिल हुए। हालांकि, इससे समाजवादी पार्टी (एसपी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दूरी बना ली है। ऐसे में सरकार के खिलाफ विपक्ष बिखरता नजर आया। इस दूरी ने एक बार फिर इंडिया गठबंधन में आई दरार को सामने ला दिया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। हम सदन के अंदर प्रदर्शन नहीं कर सकते इसलिए हमने संसद परिसर में विरोध किया है।

विश्व दिव्यांग दिवसः मुख्यमंत्री योगी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित, बोले,

दिव्यांगजनों ने साबित किया-हम किसी से कम नहीं, पुरस्कार देकर किया सम्मानित

चुपचाप तैयारी करेंगे तो रिजल्ट प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा

सीएम योगी ने कहा कि कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए, फंड बाधा नहीं है। यदि चुपचाप तैयारी करेंगे तो रिजल्ट प्रतिभा को प्रदर्शित कर देगा। सीएम ने बताया कि 2017 में प्रदेश में केवल 7-8 लाख दिव्यांगजनों को पेंशन मिलती थी, वह भी महज 300-300 रुपये। यह राशि छह महीने में आती थी तो आधा पैसा बाबू खा जाता था, लेकिन हम लोग सीधे लाभार्थी के खाते में धनराशि भेजते हैं। हमने यह राशि 300 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये की। अब 11 लाख दिव्यांगजन 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सीएम ने वाराणसी व मुरादाबाद के सीडीओ को किया सम्मानित

कार्यक्रम में उत्कृष्ट दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों, स्वैच्छिक संगठनों और दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस वर्ष वाराणसी जिले को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिला चुना गया। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने सम्मान प्राप्त किया। मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद सुमित यादव को बाधामुक्त वातावरण के सृजन के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। सीएम ने दोनों अधिकारियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री के हाथों मिला सम्मान, हुए अभिभूत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मान पाकर प्रतिभाएं अभिभूत हुईं। सीएम ने इसके साथ ही दिव्यांगों के उत्थान के लिए कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया। सीएम ने 40 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। सीएम के द्वारा मंगलवार को पिछड़ा वर्ग से जुड़े दो लाख 53 हजार 211 से अधिक बच्चों को 54.38 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति भी डीबीटी के माध्यम से सीधे अकाउंट में भेज दी गई। पिछड़ा वर्ग से जुड़े 28 युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र भी उपलब्ध हुआ है। इसमें से कई प्रतिभाओं को सीएम ने मंच पर प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार राशि, टैबलेट, अंगवस्त्र व प्रमाणपत्र आदि प्रदान किया।

वाराणसी की नई सुबह संस्था व जन विकास समिति भी पुरस्कृत

गैर-व्यावसायिक श्रेणी में डॉ. कौशिकी सिंह (लखनऊ) और व्यावसायिक श्रेणी में राम किशन गुप्ता (कानपुर नगर) को दिव्यांगजन के हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी के रूप में संतबली चौधरी (गोरखपुर), अरुण कुमार अग्रवाल (लखनऊ) और गोपाल कृष्ण त्रिपाठी (कानपुर नगर) को सम्मानित किया गया। पुनर्वास सेवाओं में योगदान के लिए नई सुबह संस्था (वाराणसी) और सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान के लिए जन विकास समिति (वाराणसी) को पुरस्कृत किया गया।

लखनऊ, संवाददाता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द और भावनाओं को सम्मान देकर उन्हें गरिमामयी पूर्ण तरीके से जीवन व हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की है। दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला तो अपनी प्रतिभा से उन्होंने इस शब्द की पुष्टि की। सीएम योगी ने ऋषि अष्टावक्र, महाकवि सूरदास, भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य समेत अनेक उदाहरण दिए। कहा कि जिन्हें भी मंच व समाज का प्रोत्साहन-संबल मिला तो उन्होंने देश-दुनिया व मानवता को अपनी प्रतिभा का लाभ दिया और यह साबित किया कि वे किसी से कम नहीं हैं। विश्व दिव्यांग दिवस इसी दृष्टिकोण को अपनाने के लिए समाज को नई प्रेरणा प्रदान करने का माध्यम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस पर मंगलवार को लोकभवन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित किया। राजकीय स्पर्श बालिका विद्यालय मोहान रोड की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सीएम ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। सीएम ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती (राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस) की भी शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य करते हुए पीएम मोदी के विजन सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि राज्य के अंदर दो-दो दिव्यांग विश्वविद्यालय (लखनऊ में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय व चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय) है। अलग-अलग क्षेत्रों में दृष्टिबाधित, मूकबधिर व अन्य बच्चों के लिए भी कॉलेज संचालित हैं, लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें प्रशिक्षित शिक्षक हों, उन्हें अच्छा मानदेय, सुविधाएं, प्रशिक्षण मिले और तकनीक से सक्षम बनाया जाए।

न्याय संहिता गहरे मंथन का परिणाम, इनके केंद्र में दंड की जगह न्याय है: पीएम मोदी

चंडीगढ़, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गहन विचार विमर्श और मंथन के बाद भारतीय न्याय संहिता अपने वर्तमान स्वरूप में सामने आयी है और इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री यहां विशेष रूप से अयोजित एक कार्यक्रम तीन परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित कर रहे थे। ये तीनों कानून पहली जुलाई से लागू कर दिए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि नए कानून दंड के लिए नहीं, बल्कि न्याय के उद्देश्य से बनाए गए है और 卐भारतीय न्याय संहिता इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे।卐 प्रधानमंत्री ने कहा कि सात दशकों में न्याय व्यवस्था की चुनौतियों की समीक्षा, व्यापक विचार-विमर्श के बाद भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। हर कानून को व्यावहारिक दृष्टिकोण से परखा गया है। उन्होंने इन कानूनों के लिए उचतम न्यायालय और देश भर के उच न्यायालयों के न्यायाधीशों का आभार भी प्रकट किया। श्री मोदी ने तीनों कानूनों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा, 卐देश के कानून उसके नागरिकों के लिए है, इसलिए कानूनी प्रक्रिया भी नागरिक-केंद्रित होनी चाहिए। हालाँकि, पुरानी व्यवस्था में, प्रक्रिया ही सज़ा बन गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ समाज में, कानून सुरक्षा का साधन होना चाहिए, लेकिन आईपीसी केवल नियंत्रण के साधन के रूप में भय पर निर्भर थी और यह अछा है कि अब समय बदल गया है।

केरल सड़क दुर्घटना में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत

अलपुझा, एजेंसी। केरल के अलपुझा जिले में सोमवार रात एक कार और राज्य परिवहन की बस की भिडंत में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के पांच छात्रों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में सवार 15 यात्री और कार में सवार छह छात्र भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कल रात उस समय हुई जब यहां भारी बारिश हो रही थी। गुरुवायुर-कायमकुलम फास्ट पैसेंजर बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें 11 लोगों में से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि मृतकों में मलप्पुरम के कोट्टाकल निवासी देवनाथन (19), पलक्कड़ के शेखरीपुरम निवासी श्रीदेव वाल्सन (19), कोट्टायम के चेन्नाडू निवासी आयुष शाजी (19), लक्षद्वीप के एंड्रोथ निवासी पीपी मोहम्मद इब्राहिम (19) और कन्नूर के पंड्याला निवासी मोहम्मद अब्दुल जब्बार (19) हैं।

चीन के साथ रिश्तों में राष्ट्रीय सुरक्षा हित सर्वोपरि रख कर आगे बढ़ेंगे: जयशंकर

नयी दिल्ली, एजेंसी।

सरकार ने भारत एवं चीन के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति बहाल होने को 'सुधार की दिशा' बताते हुए आज साफ किया कि भारत चीन संबंधों में प्रगति के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना एक पूर्व-आवश्यकता है और हम अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए ही आगे बढ़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में चीन के साथ 21 अक्टूबर को हुए समझौते तथा उसके बाद भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को लेकर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा, 卐मैं सदन को भारत चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में घटी कुछ घटनाओं और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूँ। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था। हाल की घटनाएँ, जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है। विदेश मंत्री भारत चीन संबंधों की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा, सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्ष और उससे पहले की घटनाओं के परिणामस्वरूप चीन ने अक्साई चिन में 38 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया, जो 1948 से उसके कब्जे में था। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दशकों तक बातचीत की है। जबकि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इस पर आम सहमति नहीं है।

एकनाथ शिंदे 4 दिन बाद ठाणे से मुंबई पहुंचे

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी।

महाराष्ट्र के कार्यकारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ठाणे से मुंबई स्थित अपने सरकारी आवास वर्षा बंगले पर पहुंच गए हैं। वे शुक्रवार को ठाणे गए थे, अब 4 दिन बाद वापस लौटे हैं। ठाणे में उन्होंने अस्पताल में अपना रुटीन चेकअप कराया, इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि तबीयत कैसी है, तो उन्होंने कहा- सेहत अच्छी है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे के साथ महायुति के नेताओं की मुलाकात हो सकती है। शिवसेना विधायकों के साथ भी मीटिंग होनी है। ये मीटिंग देर शाम या रात में होगी और इसमें सरकार गठन पर अहम फैसले होंगे। भाजपा विधायक दल की बैठक कल यानी 4 नवंबर को होगी। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होंगे। ये दोनों नेता भी आज ही मुंबई पहुंचेंगे। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आए थे। महायुति यानी भाजपा-शिवसेना शिंदे-एनसीपी पवार को 230 सीटों का भारी बहुमत मिला, लेकिन 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है। कांग्रेस के दल ने दिल्ली में इलेक्शन कमीशन से महाराष्ट्र चुनाव पर बातचीत की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने उन्हें बुलाया था। एकनाथ शिंदे ने मुंबई पहुंचने के तुरंत बाद 6 दिसंबर को बाबा साहेब अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर प्रोग्राम की तैयारियों की समीक्षा बैठक की।

राज्यसभा में गतिरोध दूर, शीतकालीन सत्र में पहली बार चली सुचारू कार्यवाही

नयी दिल्ली, एजेंसी।

अडानी समूह की कथित अनियमितताओं, संभल तथा मणिपुर की स्थिति , वायनाड और फेंगल के कारण आयी आपदा जैसे मुद्दों पर नियम 267 के अंतर्गत चर्चा कराने की मांग पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बना गतिरोध मंगलवार को राज्यसभा में दूर हो गया और सभापति ने सदस्यों को इनमें से कुछ विषयों पर शून्यकाल के दौरान अपनी बात रखने की अनुमति दे दी, जिससे शीतकालीन सत्र में पांच दिन के बाद पहली बार सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चली। विपक्षी सदस्यों के इन मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग पर अड़े रहने के कारण सत्र के पहले पांच दिन हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी जिससे सदन में विधायी कामकाज नहीं हो सका। सभापति जगदीप धनखड़ ने आज जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद विधायी कामकाज शुरू करते हुए बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के 42 नोटिस मिले हैं। इनमें अजमेर शरीफ , संभल की स्थिति, मणिपुर की स्थिति, ओडिशा को विशेष दर्जा देने , फेंगल और वायनाड के कारण आयी आपदा, अडानी समूह , दिल्ली में प्रदूषण और बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार जैसे आठ विषयों पर सभी कामकाज रोककर चर्चा कराने की मांग की गयी है। उन्होंने कहा कि यह बड़े अफसोस की बात है कि एक नोटिस पहले से ही सार्वजनिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह नोटिस आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने भेजा है और इसे सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए पहले ही सार्वजनिक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह विषय उनके संज्ञान में है और इस बारे में क्या किया जाये इस पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक ही सदस्य ने दो नोटिस दिये हैं।

बदायूं जामा मस्जिद में नीलकंठ मंदिर का दावा

बदायूं, एजेंसी।

हिंदू पक्ष बोला- सर्वे से क्यों डर रहे, मुस्लिम पक्ष का जवाब- सिर्फ माहौल बिगाड़ने की कोशिश

यूपी में संभल के बाद अब बदायूं की जामा मस्जिद चर्चा में है। हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि जामा मस्जिद असल में नीलकंठ महादेव का मंदिर है। मंगलवार को जिला कोर्ट में हिंदू पक्ष ने सर्वे की मांग रखी तो मुस्लिम पक्ष ने जवाब दिया कि ये सिर्फ माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी। उस दिन कोर्ट तय करेगा कि केस सुनने योग्य है या नहीं। मुस्लिम पक्ष के वकील अनवर आलम ने कोर्ट में कहा- यह मामला सुनने योग्य नहीं है। हिंदू महासभा को इसमें वाद दायर करने का कोई अधिकार नहीं। जब यह खुद कह रहे हैं कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है, तो जाहिर सी बात है, वहां पर मंदिर का अस्तित्व नहीं है। इन्होंने वादी नीलकंठ महादेव को बनाया है। जबकि वादी प्रत्यक्ष व्यक्ति होता है। हिंदू पक्ष की बहस नहीं हुई है। हिंदू पक्ष के वकील विवेक रेंडर ने कोर्ट के बाहर कहा- मुस्लिम पक्ष अपनी बहस कर रहा है, इसके बाद हम अपना पक्ष रखेंगे। मुस्लिम पक्ष के मंदिर के अस्तित्व को नकारने पर कहा कि अगर मंदिर का अस्तित्व नहीं है तो वो सर्वे कराने से क्यों डर रहे हैं। 2 सितंबर, 2022 को बदायूं सिविल कोर्ट में भगवान श्री नीलकंठ महादेव महाकाल (ईशान शिव मंदिर), मोहल्ला कोट/मौलवी टोला की तरफ से एक याचिका दायर हुई। इसमें जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी, यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, एएसआई, केंद्र सरकार, यूपी सरकार, बदायूं कलेक्टर और प्रदेश के मुख्य सचिव को पार्टी बनाया गया। याचिका में दावा किया गया कि मौजूदा वक्त में बदायूं की जामा मस्जिद की जगह पर नीलकंठ महादेव का मंदिर था। दावा किया जा रहा है कि मंदिर में यही शिवलिंग स्थापित था, जिसे मस्जिद बनाते समय हटा दिया गया।

वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद बांग्लादेश नाराज

भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब

ढाका, एजेंसी।

अगरतला में बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावास पर प्रदर्शनकारियों के हमले पर बांग्लादेश ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। बांग्लादेश की मीडिया के मुताबिक प्रणय वर्मा बांग्लादेश के कार्यवाहक विदेश सचिव रियाज हमीदुल्ला से मिलने पहुंचे। विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने भी भारतीय उच्चायुक्त को तलब करने की बात स्वीकार की। वहीं बांग्लादेश के अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में वीजा और काउंसलर सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। सोमवार को अगरतला में बांग्लादेशी सहायक उच्चायोग के परिसर में कथित तौर पर 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों ने प्रवेश किया था। मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा, अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में परिसर में घुसपैठ की घटना बेहद खेदजनक है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और भारत में देश के अन्य मिशनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कार्रवाई कर रही है।

कश्मीर में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के बाहरी इलाके में दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में चल रही मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ सोमवार शाम तब शुरू हुई जब पुलिस और सेना की संयुक्त टीमों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ।

मौसम विभाग का अनुमान, इस बार कम दिन चलेगी शीतलहर

गुलमर्ग में हुई बर्फबारी, हवा की रफ्तार बढ़ने से दिल्ली में प्रदूषण घटा

नयी दिल्ली, एजेंसी।



इस बार की सर्दियों में शीतलहर वाले दिन यानी कोल्डवेव डेज कम होंगे। दिसंबर से लेकर जनवरी-फरवरी तक देश के कई हिस्सों में तापमान भी सामान्य रहेगा। मौसम विभाग ने सोमवार को ठंड को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के मुताबिक राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में अगले तीन महीने के दौरान कोल्ड वेव डेज 2 से 6 दिन कम हो सकते हैं। वहीं, दिसंबर में पहाड़ी राज्यों को छोड़कर बाकी जगह कोल्ड वेव डेज की संभावना बेहद कम? है। नॉर्थ वेस्ट, नॉर्थ ईस्ट में बारिश भी कम होगी। इस बीच दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण अभी भी खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। यहां मंगलवार सुबह 9 बजे तक एक्युआई 308 रिकॉर्ड किया गया। इधर, जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में सोमवार रात बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में पारा 10ए तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के 3 राज्य कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में फेंगल तूफान के कारण भारी बारिश हो रही है। पिछले 4 दिन में तमिलनाडु में तूफान से 12 मौतों का दावा किया गया है। नहीं पड़ेगी कड़ाके की ठंड, वजह- स्नो कवर एरिया घटा, बारिश बढ़ी हिमालय पर बर्फ से ढंका क्षेत्र इस साल फरवरी की तुलना में 32 प्रतिशत तक घट गया है। साथ ही मानसून में इस बार 108 प्रतिशत बारिश हुई थी। इन दोनों फैक्टर्स की वजह से भी इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना कम है। पिछले साल यानी 2023 में स्नो कवर एरिया 40 प्रतिशत था।

एसडीआरएफ जवान का कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला शव, जब की पत्नी का बेड पर पड़ा मिला शव

जांच पड़ताल करते पुलिस टीम



मृतक जवान

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एसडीआरएफ जवान अजय तोमर (27) का शव उसके किराए के आवास में बंद कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। जबकि उसकी पत्नी नीलम (23) का शव बेड पर पड़ा मिला। उसके भी गले में रस्सी बंधी हुई थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि एसडीआरएफ जवान ने पहले पत्नी की रस्सी से गला घोट कर हत्या की और बाद में खुद फांसी पर लटक गया। हालाकि पुलिस को संदेह है कि किसी बात से नाराज उसकी पत्नी ने फांसी लगाई। जानकारी होने पर एसडीआरएफ जवान ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। इसी सदमे में आकर एसडीआर जवान ने भी आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने जाँच पड़ताल के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आगरा जिले के अछनेरा थाना अंतर्गत मांगुरा गांव में रहने वाला अजय तोमर राजधानी लखनऊ के बिजनौर में नूरनगर भदरसा स्थित राज्य आपदा मोचन बाल (एसडीआरएफ) मुख्यालय में कांस्टेबल पद पर तैनात था। वह 2019 बैच का जवान था। उसकी करीब 2 वर्ष पहले ही आगरा जिले के न्यू आगरा थाना अंतर्गत नगला पदी निवासी नीलम के साथ लव मैरिज हुई थी। अजय अपनी पत्नी नीलम के साथ एसडीआरएफ मुख्यालय के पास ही नूरनगर भदरसा निवासी रणवीर यादव उर्फ रामू के मकान में दूसरी मंजिल पर किराए पर रहता था। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे एसडीआरएफ मुख्यालय में परेड थी। अजय जब परेड में नहीं पहुंचा तो अधिकारियों ने उसका फोन मिलाया। लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। बाद में एसडीआरएफ जवान उसे कमरे पर बुलाने गए, लेकिन कमरे का ताला अंदर से बंद था। उन्होंने कमरे में झांककर देखा तो आरक्षी अजय रस्सी के सहारे कमरे के अंदर पंखे के हुक से मृत अवस्था में लटका था। जबकि उसकी पत्नी नीलम बेड पर मृत पड़ी थी। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची बिजनौर पुलिस के सामने दरवाजा तोड़कर अजय के शव को नीचे उतारा गया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार घटना हत्या की ओर इशारा कर रही है। लोगों में चर्चा है कि पति-पत्नी के बीच रात में लड़ाई झगड़ा हुआ। उसके बाद अजय ने अपनी पत्नी की रस्सी से गला घोट कर हत्या कर दी। बाद में खुद फांसी के फंदे पर लटक गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बिजनौर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा का कहना है कि उसकी पत्नी ने किसी वजह से फांसी लगाई होगी। जिसके बाद अजय ने उसे बचाने की कोशिश की। जब वह नहीं बचा सका तो उसने खुद आत्महत्या कर ली।

सुबह परेड में नहीं पहुँचा तो जवानों ने आवास पर जाकर की जानकारी

विभागीय सूत्रों की माने तो मृतक आरक्षी अजय सोमवार शाम को भी जवानों की होने वाली गिनती में शामिल नहीं हुआ था और सुबह परेड में भी नहीं पहुंचा। जब शाम को गिनती और सुबह परेड में नहीं पहुँचा तो अधिकारियों ने जवानों को उसके आवास पर जानकारी करने के लिए भेजा। तब पूरी घटना की जानकारी अधिकारियों और पुलिस को हुई।

परिजनों को पता तक नहीं कब की थी शादी

मृतक अजय के पिता निरंजन खेती किसानी करते हैं। मृतक के परिवार में दो भाई, एक बहन है और मृतक का बड़ा भाई दिल्ली में इंस्पेक्टर है। लेकिन परिजनों को भनक तक नहीं लगी कि अजय ने कब शादी कर ली और ना ही वह अजय की पत्नी नीलम के बारे में कुछ जानते हैं। जबकि बताते हैं कि लगभग 2 साल पहले अजय ने नीलम के साथ प्रेम विवाह किया था और उसे लेकर यहां रह रहा था।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। सरोजनीनगर में मंगलवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत चौपई गांव में रहने वाली काजोल कश्यप 22 वर्ष की 2 वर्ष पहले सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित रामनगर में रहने वाले अजय के साथ शादी हुई थी। अजय मजदूरी करता है और उसके 1 साल की बेटी तुलसी है। बताते हैं कि मंगलवार को अजय जब मजदूरी करने चला गया तो उसके बाद काजोल ने कमरे के अंदर पंखे के हुक से मफलर के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद अजय के परिजनों ने काजल को मृत अवस्था में कमरे के अंदर फांसी पर लटकी देख इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के मायके वालों ने काजोल के पति अजय पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अजय शराब के नशे में काजोल को प्रताड़ित करता रहता था। मंगलवार सुबह काजोल ने फोन करके बताया कि अजय शराब के नशे में उससे काफी लड़ झगड़ रहा था। उसके बाद में वाह काम पर चला गया। थोड़ी देर बाद मोहल्ले वालों से सूचना मिली कि काजोल ने कमरे के अंदर फांसी लगा ली है। उधर सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि मायके वालों ने अभी सिर्फ फांसी की सूचना दी है। अगर वह किसी के ऊपर आरोप लगाते हुए तहरीर देंगे तो मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू को पीडीए यात्री मजदूर सभा का जिलाध्यक्ष किया गया मनोनीत

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। सरोजनीनगर के भटगांव स्थित बचान खेड़ा में रहने वाले प्रथम पीडीए यात्री ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू को सपा मजदूर सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक द्वारा किया गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए पीडीए आंदोलन के नेता जी की पुण्यतिथि पर पहली पीडीए यात्रा मथुरा से सैफई होकर लखनऊ तक के आयोजन में शामिल रहने के साथ ही जिले और प्रदेश के प्रत्येक आंदोलन में हिस्सा लेने की वजह से जानू यादव को मनोनीत किया जाना बताया। इस अवसर पर मनोनीत जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल श्रमिक ने जो उनसे अपेक्षा की है, उस पर वह खरे उतरेंगे। साथ ही नियमित रूप से कार्य करते हुए किसान, नौजवान, मजदूर सहित सभी दबे, कुचले, असहाय लोगों की आवाज बनकर काम करेंगे। वहीं ज्ञानू को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष मनोज पाल, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष शिवकुमार टाइगर, जगनमोहन यादव, प्रदीप यादव, विनीत यादव, दीपक यादव, सूरज कुमार, कुलदीप पहलवान, टिंकू सोनी, रजनीश यादव और इंद्रेश यादव सहित तमाम अन्य लोगों ने फूल माला पहनाकर ज्ञानू को बधाई दी।

सुरसा विकास खण्ड में दिव्यांगों को हुआ कम्बल वितरण

● जरुरतमंद लोगों की सेवा पुण्य का कामः रमाकांत

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई

हरदोई। विकास खण्ड कार्यालय सुरसा में नूरजहाँ शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक सेवा संस्थान तथा नांग फाउंडेशन ट्रस्ट हरदोई के संयुक्त तत्वाधान में निर्धन दिव्यांग जनों को कम्बल वितरित किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत पटेल ने दिव्यांगों को कम्बल वितरित किये। कम्बल पाकर दिव्यांग जन काफ़ी खुश नजर आये। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के जरुरतमंद लोगों की सेवा एक अत्यंत पुण्य का काम है। समाज सेवा के लिए समाजसेवी संस्थाओं को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर नूरजहाँ शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती नूरजहाँ, नांग फाउंडेशन ट्रस्ट हरदोई के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, सूचना विभाग में पंजीकृत लोक गायक हनीफ, गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में दिव्यांग जन उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति 2024-25 भव्य रूप से मनाया, विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। केंद्रीय अकादमी, विकास नगर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन विशेष रूप से विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ ग्रैंडपेरेंट्स डे के उत्सव के रूप में भी मनाया गया। सुबह 11 बजे दीप प्रज्वलन और सुर मंगलम सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस भव्य आयोजन में सेंट्रल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी ग्रुप आफ स्कूलस के निदेशक हरीश मिश्रा एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र की प्रशासिका वीना पांडे के साथ उत्तर प्रदेश की सभी शाखाओ के प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। दादा-दादी और नाना-नानी के लिए विशेष खेलों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उनकी सक्रिय भागीदारी और विजेताओं का सम्मान समारोह पूरे आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बड़ों के प्रति आदर और प्रेम व्यक्त किया। स्कूल गीत और अभिनंदन, रिश्ते और श्री हनुमान की ऊर्जा जैसी प्रस्तुतियों ने रिश्तों की गहराई और महत्व को खूबसूरती से दर्शाया। प्रेप के बच्चों ने हार्मनी इन मोशन और कलर्स ऑफ लाइफ के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और उत्साह को उजागर किया। कहानी सुनाने, फैंसी ड्रेस और वाचन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। कक्षा 5 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत मूक नाटिका एवरी ड्रॉप काउंट्स ने जल संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, कक्षा 6-8 के छात्रों ने बैंड ऑन रोल और फिट एंड फिएस्टा जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को रोमांचित किया। कार्यक्रम का समापन इंक्लूजन मैटर्स शीर्षक से हुआ, जिसमें कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने समावेशन के महत्व को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या डॉ. शैलजा छिकारा ने अपने प्रेरक शब्दों में बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने दादा-दादी और नाना-नानी को परिवार का आधार बताते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि वीना पांडे ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रगान के साथ इस भव्य आयोजन का समापन हुआ। यह दिन शिक्षा, संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का अद्भुत संगम बनकर सभी के लिए एक यादगार बन गया।

अंतर महाविद्यलय तीरंदाजी प्रतियोगिता में आर.एस.पी. कॉलेज उपविजेता

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

धनबाद। बलियापुर ट्वास कॉलेज,चास बोकारो में आयोजित हुए बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय,धनबाद के अंतर-महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगीता में आर.एस.पी.कॉलेज झरिया तीन स्वर्ण, तीन सिल्वर एवं तीन कास्य पदक हाशिल कर उपविजेता बना. इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र प्रकाश कुमार साव, अलिसा प्रवीण, राधिका उरांव, बीकेश कुमार गोराई, उदय कुमार ठाकुर एवं ऋतिक कुमार तिवारी शामिल थे. प्राचार्य डॉ निलेश कुमार सिंह एवं शिक्षकों ने विजेता खिलाडियों को महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

मधवापुर दारानगर में विष्णु महायज्ञ का छठा दिन।

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। जिले के विकास खण्ड खैराबाद अन्तर्गत ग्राम पंचायत दारानगर के मजरा मधवापुर में विष्णु महायज्ञ के छठे दिन पण्डित सुरेश अवस्थी द्वारा भगवान भोलेनाथ की कथा गाजे बाजे के साथ विस्तार पूर्वक सुनाई गई। पण्डित जी के साथ आये लोगों के बाजों की करतल ध्वनियों से जनता मंत्र मुग्ध हो गई। पंकज मिश्रा द्वारा महा भारत पर चर्चा की गई। विष्णु महायज्ञ का सातवां दिन आखिरी कथा का होगा इसी दिन पूर्णाहुति एवं भन्डारे का आयोजन किया जा रहा है ऐसा आयोजन कर्ताओं द्वारा बताया गया।

भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के कार्यालय परिसर में पूर्वांचल के मशहूर बाटी चोखा की दावत का किया गया आयोजन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। कृष्णानगर के ओशोनगर साईं चौराहा स्थित भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार के कार्यालय परिसर में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे,बी,सिंह ने जिला सचिव राहुल सैनी के साथ मिल कर बाटी चोखा का दावत रखी जिसमे भारी संख्या में आमंत्रित किये गए पत्रकारों ,अधिवक्ताओं, आरटीआई एक्टिविष्टो,और समाज सेवियों ने पहले भगवान शिव का नाट्य रूपांतरण झांकी एवं कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आनन्द लिया, जिससे आस पास का माहौल भक्तिमय हो गया ,इसी क्रम में संस्था के प्रदेश सचिव एस के द्विवेदी ने शेरों शायरी से समा बांध दिया ,इसके बाद भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे,बी,सिंह ने आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर मान बढ़ाया आईना पत्रकार एसोसिएशन की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा गुरमीत कौर व प्रदेश अध्यक्ष परमजीत सिंह ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई ,फिर पारम्परिक बिहारी व्यंजन बाटी चोखा जो कि गेहूँ के आटे में सत्तू और टमाटर धनियां मिर्चा की चटनी के साथ तमाम प्रकार के सामग्री मिला कर बनाया जाता हैं यह एक पारम्परिक और पौष्टिक व्यंजन होता है ,जो कि कंडे की धीमी आँच में पकाया जाता है और चोखे के साथ परोसा जाता है ,सभी ने एक साथ मिलकर कर इस व्यंजन का लुफ्त लिया और बड़े प्यार से एक दूसरे को परोस के खिलाया ,स्वाद इतना लजीज था कि सभी उंगलियां चाटते रह गये क्यों कि एक विशेष कारीगर से यह व्यंजन बनवाया गया था ,दो दो पत्रकार संगठनों के एक साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने से समाज मे एक बेहतर संदेश गया भले ही संगठन के नाम अलग अलग हो लेकिन काम एक ही है,जरूरत पड़ने पर संगठन एक जुट हो कर कार्य करेंगी और पीड़ितों और जरूरत मन्दो को न्याय दिलाने के लिए हर सम्भव मदद के लिये प्रयास करती रहेगी ,कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों के मेल जोल को बढ़ावा देना बढ़ रही नफरत को प्यार में बदलने की कोशिश ,भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के अध्यक्ष कार्यकारिणी सन्दीप सिंह, प्रदेश सचिव एस के द्विवेदी ,मण्डल सँयुक्त सचिव वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र कुमार प्रजापती ,दैनिक समाचार पत्र शुभ विकल्प के सम्पादक कैलाश नाथ सैनी जिला सचिव राहुल सदस्य शैलेंद्र सिंह , सैनी व्यापार मण्डल के नेता नुरुल हुदा ,समाज सेवी अमित दुबे,आईना प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की गुरमीत कौर प्रदेश अध्यक्ष परम जीत सिंह अधिवक्ता एन पी मिश्रा , विशाल सिंह ,आरटीआई एक्टिविस्ट ,रमेश सिंह ,राजू,सुरजीत,सिंह सहित तमाम प्रतिष्ठित जनो की उपस्थिति कार्यक्रम में गरिमामय रही ,आये हुए सभी अतिथियों का संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे,बी,सिंह ने हाथ जोड़ कर धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया और संस्था से मिलने वाली सभी लाभों के बारे में विस्तार से बात की ।

विकलांगता कोई अभिशाप नहीं - अमित अग्रवाल

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

धनबाद। मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में झरिया बी आर सी भवन मै दिव्यांग बच्चों के बीच में स्कूल बैग,वस्त्र,केक,टॉफी आदि का वितरण किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना से हुई जिसके बाद अतिथियों ने अपना आसान ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी युवा मंच झरिया के अध्यक्ष अमित अग्रवाल जी ने कहां की हर साल 3 दिसंबर को पूरे विश्व में धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है। विश्व विकलांग दिवस (World Disabilities Day w®ww) के लिए पहली बार वार्षिक ऑब्जरवेशन की घोषणा यूनाइटेड नेशंस ने जनरल असेम्बली रेजोल्यूशन में 1992 में किया था। जिसके बाद से यह दिन विकलांग दिवस, विकलांग व्यक्तियों के प्रति करुणा, आत्म-सम्मान और उनके जीवन को बेहतर बनाने के समर्थन के उद्देश्य के तौर पर मनाया जाता है। यह उत्सव समाज में समानता के लिए है और खासकर उस वर्ग के लिए है जो इच्छाशक्ति एवं मानसिक बल में सामान्य लोगों की तुलना में कई गुना ज्यादा सक्षम हैं। संसार में दिव्यांग आज हर तरह के कार्य कर रहे हैं और ये लोग अब कई मामलों में आगे जा चुके हैं। इस उत्सव के अवसर पर हमें दिव्यांगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल,मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष असीम अग्रवाल,गणेश अग्रवाल,सचिव राजेश अग्रवाल,सुमित खेतान,राहुल अग्रवाल,समाजसेवी बिक्रमा यादव,निर्मल अग्रवाल,मनोज सिंह आदि लोग मौजूद थे।

अमीनाबाद इंटर कॉलेज में नगर निगम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। महापौर और नगर आयुक्त ने छात्रों को परिश्रम और शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। महापौर द्वारा 51 छात्रों को निःशुल्क स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय के उत्थान के लिए कई नई परियोजनाओं को प्रारंभ करने की घोषणा की गई। अमीनाबाद इंटर कॉलेज को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाना है। यह कार्यक्रम छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता और क्षेत्रीय पार्षद मुकेश सिंह मोंटी के साथ विद्यालय का दौरा किया। यह पहल न केवल छात्रों को प्रेरित करेगी बल्कि विद्यालय की गुणवत्ता सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अवैध संबंधों में युवक की गला दबाकर की गई थी हत्या, हत्यारोपी दंपति गिरफ्तार

➢ 28 नवंबर को बंद मकान के बरामदे में खून से लथपथ मिला था शव

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई

हरदोई। एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के अनंगपुर में बंद मकान के बरामदे में मिले युवक के शव का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्यारोपी दंपति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि पचदेवरा थाना क्षेत्र के अनंगपुर गांव में बीते गुरुवार को गांव निवासी प्रेमपाल पुत्र जगपाल के बंद पड़े मकान के बरामदे में अजय सिंह पुत्र रामनरेश सिंह निवासी ग्राम अनंगपुर का खून से लथपथ शव पड़ा मिला था। इसकी जानकारी होते ही हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना का खुलासा करने के लिए एसपी नीरज कुमार जादौन ने कई टीमें लगाईं थी। सोमवार को एसपी ने सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा के साथ स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत उन्होंने स्थानीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। मंगलवार को पचदेवरा थाना पुलिस ने घटना का खुलासा कर गांव के ही कमलेश सिंह पुत्र प्रतिपाल सिंह व उनकी पत्नी सीमा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक अजय सिंह के अभियुक्ता से संबंध थे, अजय अक्सर अभियुक्ता के घर जाता था, घटना की रात को भी अजय खाना खाकर उसी के घर सो गया। रात में मृतक अजय ने उठकर महिला के साथ संबंध बनाने का प्रयास किया, जिसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद अभियुक्ता ने साड़ी से अजय का गला घोटकर हत्या कर दी और चाकू से भी उस पर वार किया। पति के घर आने पर उसने सारी बात बताई और पति के साथ मिलकर अजय के शव को अपने घर से निकालकर पड़ोस में स्थित प्रेमपाल पुत्र जगपाल के बंद पड़े मकान के बरामदे में रख दिया था। इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी दंपति को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक चाकू और मृतक की एक टी-शर्ट भी बरामद की है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार, उप निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय, अंकुर कुमार, रवि कुमार, हेड कांस्टेबल धीरेंद्र सिंह व कांस्टेबल विवेक त्यागी, महेश परमार, महिला कांस्टेबल सीमा शामिल रहीं।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू संगठन ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की करेगी सेवा अशोक सिंह सेंगर प्रदेश अध्यक्ष

➢ महाकुम्भ में हिन्दू हेल्प लाइन, इन्डिया हेल्थलाइन द्वारा स्वास्थ के लिए मैडिशीन की सुविधा रहेगीः अशोक सिंह सेगंर प्रदेश अध्यक्ष

➢ हिंदू एक होगा तभी सनातन धर्म मजबूत होगाः संजय सिंह चौहान प्रदेश महामंत्री

➢ जनसंख्या नियंत्रण कानून, एक समान नागरिक कानून, गऊ वंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध, धर्मान्तरण पर बने कठोर कानूनः अशोक सिंह सेगंर प्रदेश अध्यक्ष

➢ सनातन धर्म सभी धर्मों का जड़ है बाकी सभी शाखाएं है, इतिहास बताता हैः संजय सिंह चौहान प्रदेश महामंत्री

➢ संगठन द्वारा संचालित 1 लाख साप्ताहिक हनुमार चालिसा केन्द्रो का प्रतिनिधित्व रहेगाः अशोक सिंह सेगंर प्रदेश अध्यक्ष

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

सरोजनीनगर। प्रयाग राज में होने वाले महांकुम्भ जो 14 जनवरी 2025 पौष पूर्णिमा के दिन से शुरु होकर फरवरी 2025 महाशिवरात्रि कुम्भ मेला अयोजित हैं। जब समुद्र मन्थन हुआ तो उसमें अमृत को देव लोक ले जा रहे थे। रास्ते मे राक्षसो ने कुम्भ को छीनने का प्रयास किया और छीनाझपटी ने अमृत की कुछ बूंदे प्रथ्वी के 4 स्थान और देवलोक मे 8 स्थानो पर गिरी प्रथ्वी मे जो चार स्थान पर गिरी एक प्रयागराज उत्तर प्रदेश, दूसरा हरिद्वार उत्तराखण्ड , तीसरा नासिक महाराष्ट्र, चौथा उज्जैन मध्यप्रदेश। चारो स्थानो का महाकुम्भ नदी के किनारे ही लगता है। प्रयागराज गंगा, यमुना और सरास्वती नदी तीनो नदियो के संगम पर, हरिद्वार गंगानदी, नासिक गोदवारी नदी, उज्जैन क्षिप्रानदी। चारो स्थानो पर 12 वर्ष मे महा कुम्भ और 6 वर्ष मे अर्धमहाकुम्भ लगता है। प्रत्येक तीन वर्ष में किसी न किसी स्थान का कुम्भ मेला होता है। कुम्भ का इतिहास उसकी महत्ता के बारे में स्कन्ध पुराण और बाल्मीकि रामायण मे उल्लेख मिलता है । इसी क्रम में राजधान लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र में बिजनौर रोड नटकूर पुलिया मोड़ स्थित बाबा कॉम्प्लेक्स के कार्यालय में दिन मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद उत्तर प्रदेश युवा राष्ट्रीय बरंगदल हिन्दू हेल्प लाइन इंडिया हेल्थ लाइन अशोक सिंह सेगंर प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में बताया कि धार्मिक ग्रन्थ के अनुसार माना जाता है कि 664 ईसपूर्व राजा हर्ष वर्धन के राज्यकाल में पहले कुम्भ का आयोजन हुआ था। कुम्भ में स्नान का ही सबसे बड़ा धार्मिक महत्व है। महाकुम्भ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। इस कुम्भ स्नान मेला में सनातन धर्म के सभी मत पंथ सम्प्रदाय सन्त महात्मा महामन्डलेश्वर जगतगुरु शंकर चार्य निम्बकाचार्य, बौद्ध धर्म गुरु जैन मुनि ज्ञानी ग्रहस्थ आदि सभी स्नान करते है। इस मेले में विश्व स्तर पर जितने भी सनातन धर्मी है सभी स्नान करने आते है। संगठन द्वारा संचालित 1 लाख साप्ताहिक हनुमार चालिसा केन्द्रो का प्रतिनिधित्व रहेगा। जनसंख्या नियंत्रण कानून, एक समान नागरिक कानून, सम्पूर्ण भारत पर गऊ वंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध, धर्मान्तरण पर कठोर कानून बने। भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाय। इसके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दुओ परिषद द्वारा 1 लाख लोगो को प्रतिदिन निःशुल्क चाय और भोजना दिया जायेगा करीब पूरे कुम्भ के समय तक दो करोड़ लोगो को भोजन देंगे। ठंठ की रक्षा के लिए दो लाख कम्बल दिये जायेगें। रहने के लिए 10 हजार लोगो के रहने के लिए टेन्ट कि व्यवस्था रहेगीं। हिन्दू हेल्प लाइन और इन्डिया हेल्थलाइन द्वारा स्वास्थ के लिए मैडिशीन की सुविधा रहेगी और हेल्थ चेकप कैम्प लगेगा जिसमे प्रतिदिन बी0पी0 शुगर एनिमिया, मोटापा आदि की जांच होगी, यह कार्य 14 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। सम्मेलन मे भारत के सभी प्रान्तो और सम्पूर्ण जिलो प्रतिनिधित्व होगा तथा विश्व के 80 देशों के हिन्दुओं की सहभागिता रहेगी। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के प्रदेश महामंत्री संजय सिंह चौहान ने बताया कि सामाजिक हिन्दू संगठन अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद युवा संगठन राष्ट्रीय बजरंगदल का प्रयागराज की धरती है। महाकुम्भ के अवसर पर तीन दिन का विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। जिसका नेतृत्व परम आदरणीय हिन्दू हृदय सम्राट डा. प्रवीण भाई जी तोगाडिया प्रख्यात कैन्सर सर्जन करेंगे। इस सम्मेलन मे सनातन धर्म के सभी मत पन्थ सम्प्रदाय के सन्त महात्मा हिस्सा लेंगे। और सम्मेलन परम पूज्य जगत गुरु शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सम्मेलन दो लाख की संख्या का होगा। हिंदू संगठित रहेगा तो सनातन धर्म मजबूत होगा, सनातन धर्म का मूल जड़ हमारा भारत देश की जन्मभूमि है। मै हिंदुओं से अपिल करता हु कि आपसी मतभेद को भुलाकर मिलकर रहे और अपने धर्म की धरोहर की रक्षा करें। हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी का कहना है बटगो तो कटोगे।प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा एक हो तो सेफ हो। वक्फ बोर्ड की सम्पूर्ण जमीन खाली कराई जाय, बंगलादेशी घुसपैठिये और रोहिंगियो को बाहर किया जायें। सनातन धर्म सभी धर्मों का जड़ है बाकी सभी शाखाएं है। ये हम नहीं इतिहास बताता है। हमारा सनातन धर्म जोड़ने का कार्य करता है , दूसरों की तरह तोड़ने का नहीं।

बिल्डरों से मिलीभगत कर 25 बीघे अवैध निर्माण कराने पर एलडीए के अभियंता फंसे

बिल्डरों से मिलीभगत कर 25 बीघे जमीन में एलडीए वीसी ने सात के खिलाफ निलंबन, नौ पर विभागीय कार्रवाई की

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। बिल्डरों से मिली भगत कर 25 बीघें जमीन पर अवैध निर्माण कराने पर एलडीए के 16 अभियंता फंस गए हैं। वीसी प्रथमेश कुमार ने इनमें से सात के निलंबन और नौ के खिलाफ विभागीय कारवाई की है। इंदिरा नगर के चांदन गांव में 25 बोघें जमीन पर अवैध रूप से विकसित हो रही पॉश पैराडाइज टाइटल कालोनी को भी ध्वस्त करा दिया गया है। पूरे प्रकरमा की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर अमर अग्रवाल व अन्य ने एक जनवरी 2022 से 12 मई 2023 के बीच चांदन गांव में 25 बीघें क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग करवाई। एक मंजिला मकानों का निर्माण भी करवाकर 26 परिवारों को बसा भी दिया। शिकायत के आधार पर मामला विहित प्राधिकारी न्यायालय के पास गया। यहां से कार्रवाई के आदेश दिए गए। इस पर जोन-5 की टीम ने सीलिंग करते हुए बिल्डर के खिलाफ केस दर्ज कराया। बिल्डर ने आदेश के खिलाफ मडलायुक्त ग्यायालय में अपील की, जो खारिज कर दी गई। साथ ही अवैध निर्माण रोकने में नाकाम रहे। अभियंताओं के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए गए। जांच में पाया गया कि जोन-5 में तैनात रहे अभियंताओं की मिलीभगत से अवैध निर्माण हुआ।

इनके निलंबन की गई

जनवरी 2022 से 12 मई 2023 के बीच प्रवर्तन जोन-6 में अवर अभियंता संजय मिश्रा, इम्तियाज अहमद, शिव कुंवर, भानु प्रकाश वर्मा, रवि प्रकाश, सुरेश कुमार व राकेश कुमार तैनात रहे। इनके निलंबन की की गई है। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया इन अभियंताओं की आंखों के सामने अवैध निर्माण होता रहा, पर इन्होंने कार्रवाई नहीं की।

विभागीय कार्रवाई की

राहुल वर्मा,अवर अभियंता रवि शंकर राय, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, सतवीर सिंह, आर.के. शर्मा, सुनील कुमार वर्मा,सहायक अभियंता विरेंद्र प्रताप मिश्रा (सेवानिवृत), शितल प्रसाद (सेवानिवृत), विपिन बिहारी राय जनवरी 2022 से 12 मई 2023 के बीम प्रवर्तन जन 5 में तैनात रहे। इन पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

बीजेपी नेता की साली की शादी, छात्रों ने चलाए बम

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। विश्वविद्यालय के छात्र बिना बुलाए दावत खाने शादी समारोह में पहुंच गए। छात्र बारातियों के साथ नाचने लगे। बारातियों ने विरोध किया तो मारपीट कर दी। ईंट-पत्थर और बम से हमला किया, फायरिंग की। शादी समारोह में आई महिलाओं से बदसलूकी भी की। मैरिज हॉल का सामान चारों तरफ फेंक दिया। मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। एक छात्र को हिरासत में लिया गया। इससे गुस्साए विश्वविद्यालय के छात्रों ने हंगामा कर दिया। नारेजाबी करने लगे। इसके बाद पुलिस ने हॉस्टल के मेन गेट को बंद कर दिया। शादी लखनऊ महानगर भाजपा उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर की साली की थी। हंगामे के बाद बाराती बिना खाए लौट गए। पुलिस की मौजदगी में शादी हुई। पूरा मामला डालीगंज स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज का है। दूल्हे और दुल्हन के परिजनों से बात की। दुल्हन के पिता ने कहा- ये छात्र नहीं गुंडे हैं।

खालसा इंटर कॉलेज में गुरमत परीक्षा का हुआ आयोजन, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

संविधान सभा के अध्यक्ष,देश के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को उनकी 140 वीं जयंती पर किया गया नमन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। खालसा इंटर कॉलेज में कलि तारण गुरु नानक आया गुरमत परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 34 प्रतिभागी शामिल हुए कॉलेज प्रधानाचार्य स. वीरेंद्र सिंह ने गुरमत लिखित परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन एक आदर्श है, जिसमें उन्होंने दुनिया भर में जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने हमेशा यही कहा कि सभी मनुष्य समान हैं, और हमें किसी भी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर एक दूसरे से प्रेम और सम्मान से पेश आना चाहिए। उनका जीवन हमें यह शिक्षा देता है कि यदि हम एकता और अखंडता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तो हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। श्री सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने ध्यान, साधना और सेवा को महत्व दिया। उनका यह संदेश था कि ईश्वर के साथ संबंध स्थापित करने के लिए केवल पूजा पाठ ही नहीं, बल्कि अच्छे कर्म और मानवता की सेवा भी महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि गुरु नानक देव जी का आदर्श आज भी हर वर्ग और धर्म के लोगों के लिए प्रासंगिक है। इस आयोजन के लिए उन्होने कॉलेज में पंजाबी विभाग की शिक्षिका श्रीमती गुरमीत कौर की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन हमें न केवल गुरु जी के महान कार्यों को याद करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि हमें अपने जीवन में उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम एक बार फिर यह समझ सकते हैं कि गुरु नानक देव जी के सिद्धांतों को अपनाकर हम समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे का वातावरण बना सकते हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष, देश के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को उनकी 140 वीं जयंती पर नमन किया गया। शिक्षक वी. के. श्रीवास्तव ने उनके आदर्श जीवन के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ने उनके सादा जीवन - उच्च विचार से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

तलाश साहिल की का विमोचन एवं ग़ज़ल नाइट का कार्यक्रम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश रहे

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। तलाश साहिल की का विमोचन एवं ग़ज़ल नाइट का कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में साहित्य, संगीत और प्रशासनिक जगत के कई नामचीन हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संग्रह को वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया। साहिल के पहले के संग्रह पहला क़दम (2012) और किरदार (2015) भी सराहे गए हैं। कमाल खान, प्रदीप अली, मिथिलेश लखनवी और आकांक्षा ने मोहम्मद अली साहिल की ग़ज़लों को सुरों में पिरोया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि थे। अन्य विशिष्ट अतिथि में राज्य मंत्री, वरिष्ठ साहित्यकार, और कई प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। मोहम्मद अली साहिल ने पुलिस सेवा के साथ-साथ साहित्य और शायरी में भी अद्वितीय योगदान दिया है। उनकी ग़ज़लें भारत और विदेश (दोहा, जेद्दाह) में सराही गई हैं।उन्हें 2024 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फ्रेंड्स संस्था के अध्यक्ष वामिक खान ने किया। यह आयोजन साहित्य, कला, और समाज के विभिन्न पहलुओं को जोड़ने वाला एक यादगार कार्यक्रम रहा।

लखनऊ के साहित्यकार डॉक्टर प्रवीण पांडेय आवारा सहित अनेक साहित्यकारों का हुआ नई दिल्ली में सम्मान

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

लखनऊ /नई दिल्ली। अनुगूंज साहित्य पीठ छत्तर पुर नई दिल्ली के तत्वावधान में अनुगूंज साहित्यिक महायज्ञ के द्वितीय सोपान का एक भव्य आयोजन अध्यात्म साधना केंद्र नई दिल्ली में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस महायज्ञ में पूरे राष्ट्र से लगभग 88 रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से इस महायज्ञ में सुमधुर प्रस्तुतियां समर्पित कर सबका मन जीत लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध साहित्यकार आदरणीय जगन्नाथ प्रसाद श्रीवास्तव जी ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप छत्तरपुर की पार्षद आदरणीया पिंकी नरेश त्यागी जी उपस्थित रहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ से पधारे छंद गुरु आदरणीय अमरनाथ अग्रवाल जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दीप प्रवलन के बाद कवयित्री डॉ ममता जोशी की सरस्वती वंदना, कवयित्री प्रवीणा त्रिवेदी %प्रज्ञा% के स्वागत गीत के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरुण त्रिवेदी %अनुपम% ने सभी रचनाकारों और निर्णायक मंडल का स्वागत करते हुए अनुगूंज साहित्य पीठ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग तीन माह तक चली पाँच चरणों में सम्पन्न कराई गई प्रतियोगिता में सभी ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अट्ठासी रचनाकारों को चार दलों में विभाजित कर साहित्य विधाओं के पांच चरण (मुक्तछंद, छंदामृत, ग़ज़ल सुहानी, गद्य कुमोदी व गीत वल्लरी) द्वारा सम्पन्न करा सम्मान प्रदान किये गए। जिसमें कवि प्रवीण पाण्डेय आवारा को अनुगूंज गीत भागीरथ सम्मान, कवि खुशी राम बाजपेई को अनुगूंज साहित्य मार्तण्ड सम्मान, कवि डॉ हिमांशु सक्सेना अर्श लखनवी को अनुगूंज साहित्य सौरभ सम्मान, अरविंद रास्तोगी को अनुगूंज साहित्य सुधाकर सम्मान, कवि नीलेश ज्वाला को अनुगूंज साहित्य सौरभ सम्मान, कवयित्री मनोरमा श्रीवास्तव को अनुगूंज वाग्देवी सारस्वत सम्मान, कवि मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी, कवयित्री डॉ. अलका अस्थाना, कवयित्री उमा लखनवी, कवयित्री उपमा आर्या, कवयित्री डॉ स्वाति पाण्डेय, कवि दीनबंधु आर्या को साहित्य साधक सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों की रचनाओं से सजा साझा संकलन अनुगूँज साहित्य पीठ स्मारिका के विमोचन के साथ आदरणीय जगन्नाथ प्रसाद श्रीवास्तव जी की पुस्तक ठहरी हुई ज़िंदगी का विमोचन हुआ। साथ ही अंत में दलीय प्रतियोगिता में दल अचला को विजेता एंव दल अवयुक्ता को उप विजेता घोषित कर उन्हें विजेता ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया। अंततः पीठ की संस्थापिका प्रवीणा त्रिवेदी %प्रज्ञा% ने आयोजन समिति और संपादक मण्डल की सर्व सम्मति से तीन विशेष पुरस्कार अनुगूँज साहित्य शिरोमणि , अनुगूँज साहित्य भूषण ,अनुगूँज साहित्य रत्न पुरस्कार (संपादन मण्डल की पसंद) को दिए जाने की घोषणा की और कहा कि विजेताओं के नाम शीघ्र घोषित किये जायेंगे। अंत में व्यवस्थापक मण्डल के सभी सदस्यों संजीव शुक्ल %सचिन% (महासचिव) काजू निषाद (उपाध्यक्ष), डॉ हिमांशु सक्सेना अर्श लखनवी, डॉ ममता जोशी, युद्धवीर सिंह बिष्ट, अवंतिका विशाल ,आशीष कुमार, अनीता सिंह %अनु% डॉ शिवानी चंद्रा, कुबेर मिश्रा, अनुराग त्रिवेदी, सत्यम शुक्ला और सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अगले कार्यक्रम का समापन किया।

समाचार

अमौसी एयरपोर्ट पर मानव भ्रूण मिलने से मचा हडकम्प

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में मंगलवार सुबह मानव भ्रूण मिलने से हडकम्प मच गया। कोरियर कराने आये एजेन्ट के सामान में मौजूद एक डिब्बे के अन्दर मानव भ्रूण मिलने से कार्गो कर्मचारियों में दहशत फैल गयी। आनन फानन कार्गो स्टाफ द्वारा सीआईएसएफ को सूचना देने के साथ ही कोरियर कराने आये युवक को पकड़कर सीआइएसएफ के हवाले कर दिया गया। वहीं सीआईएसएफ की पूछताँछ के दौरान युवक उक्त भ्रूण के बारे में कुछ भी नहीं बता सका। बताते हैं कि लखनऊ एयरपोर्ट में कार्गो स्टाफ के लोग रोज की तरह मंगलवार को भी सुबह कार्गो के लिए बुक होने वाले सामान की स्केनिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक प्राइवेट कम्पनी का कोरियर एजेन्ट कार्गो के जरिये सामान बुक कराने आया। कार्गो स्टाफ द्वारा जब उसके द्वारा बुक कराये गये सामान की स्केनिंग की जाने लगी तो एक प्लास्टिक के डिब्बे के अन्दर एक मानव भ्रूण स्केनिंग मशीन में डिटेक्ट हुआ। कार्गो कर्मचारियों द्वारा पैकेट खोले जाने पर उसमें लगभग 7 माह का मानव भ्रूण मिला। यह देख कार्गो कर्मचारियों को होश उड़ गये। आनन फानन इसकी सूचना सीआईएसएफ को देने के साथ ही पुलिस को भी दी गयी। फिलहाल कोरियर कम्पनी का कर्मचारी उक्त डिब्बे तथा भ्रूण के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि लखनऊ के एक दंपति का भ्रूण जांच के लिए सड़क मार्ग से मुंबई भेजा जाना था, लेकिन कोरियर वालों की गलती से वह एयरपोर्ट पहुंचा दिया गया। फिलहाल मामले की जॉच पड़ताल जारी है। दंपति का यह दूसरा भ्रूण है, जो बीच में ही खराब हो गया। ऐसा दो बार से क्यों हो रहा है, इसलिए राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित एक आईवीएफ सेंटर द्वारा जांच के लिए मुंबई भेजा जा रहा था। जिससे कि उसका अगला व तीसरा बच्चा ना खराब हो सके।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। सरोजनीनगर में बेखौफ चोरों ने बीते दिनों कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल की पार्किंग से एक बाइक चोरी कर ली। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीजीआई के हैवत मऊ मवईया, पंचम खेड़ा निवासी राम प्रकाश के मुताबिक वह सरोजनीनगर के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में कार्यरत है। उसका कहना है कि 25 नवंबर को सुबह 7:30 बजे वह ड्यूटी पर आया और अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक (यूए 07एच 1801) पार्किंग में खड़ी कर ड्यूटी करने चला गया। दोपहर बाद करीब 1:30 बजे जब बाहर निकाला तो उसकी बाइक पार्किंग से गायब मिली। आसपास लोगों से पता किया, लेकिन शाम तक खोजने के बाद भी बाइक का कहीं कोई पता नहीं चल सका। तब राम प्रकाश ने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। पुलिस सोमवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कर आसपास सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

अवध प्रान्त प्रचारक ने दशमेश पब्लिक स्कूल में किया नरेन्द्र सिंह कपानी कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। आलमबाग स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल में नरेंद्र सिंह कपानी कंप्यूटर लैब का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध प्रान्त प्रचारक कौशल जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेंद्र सिंह तलवार ने की । समारोह में मनजीत सिंह तलवार, अरविंदर सिंह कोहली, सुनील कालरा, अनिल अग्रवाल, विनोद रत्रा, रनजीत सिंह अरोड़ा, सरबजीत सिंह अवध कॉलेजिएट, सतनाम सिंह सेठी, सरबजीत सिंह जंडू, दमन सिंह सेठी, राजेंद्र सिंह राजू, मान सिंह मान, करण सिंह नरूला, राजेंद्र सिंह बग्गा लक्की, हरमिंदर सिंह मिंदी, कपिल अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह खुराना, हरमिंदर सिंह टीटू, अनिल वरमानी, सुरजीत सिंह राजपाल सहित अन्य गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य व सिख समाज के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे7 पीआरओ सुरजीत सिंह राजपाल ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कार्य संदीप सिंह आनंद, संदीप सिंह बजाज, अनिल वरमानी, प्रशांत भाटिया तथा गुरतेज सिंह छाबड़ा के सहयोग से किया गया। दशमेश पब्लिक स्कूल आलमबाग लखनऊ के प्रांगण में आए हुए सभी अतिथि गणों का स्वागत तथा अभिनंदन दशमेश पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सर्वजीत कौर, रवनीत कौर, जसप्रीत सिंह तथा सुरेंद्र सिंह बवशी द्वारा किया गया। गुरुद्वारा केंद्रीय गुरु सिंह सभा आलमबाग लखनऊ के प्रधान सरदार निर्मल सिंह , रतपाल सिंह गोल्डी तथा हरजीत सिंह सरला ने दशमेश पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आए हुए सभी आमंत्रित अतिथि गणों का तहे दिल से अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह में आए अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी ने कंप्यूटर लैब की सराहना करते हुए बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की ।

व्यापारियों ने चंदे से लगवाई लिफ्ट, 30 साल पुरानी लिफ्ट हो गई थी खस्ताहाल

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। व्यापारियों ने चंदे से 30 साल पुरानी खस्ताहाल लिफ्ट की जगह नई लिफ्ट लगवाई। अयोध्या रोड स्थित सहारा शॉपिंग सेंटर के व्यापारियों ने बिल्डर के सहयोग का इंतजार किए बिना, आपसी आर्थिक सहयोग से चंदा एकत्र कर पुरानी खस्ताहाल लिफ्ट के स्थान पर नई लिफ्ट लगवाई। नई लिफ्ट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार, सहारा शॉपिंग सेंटर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश श्रीवास्तव, महामंत्री आर्किटेक्ट सुनील श्रीवास्तव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर संजय गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष डॉ. एस के रावत आदि मौजूद रहे। इस दौरान संजय गुप्ता की उपस्थिति में सहारा शॉपिंग सेंटर के 120 व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता भी ली।

पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी की वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन

पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों ने शिक्षकों की 11 सूत्रीय लंबित मांगों से सम्बंधित ज्ञापन विधायक को सौपा

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी, उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक दारुलशफा में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बी एन खरे , राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज लखनऊ, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ने की तथा पूरे प्रदेश से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। आजमगढ़ से आए उदय राज यादव, लखनऊ से नीलम श्रीवास्तव और समिति के कोषाध्यक्ष बृजपाल राठी को झांसी एवं प्रयागराज तथा 12 जनपदों से शिक्षक स्नातक, बाबूलाल तिवारी एमएलसी द्वारा अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया । सभी पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों ने 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन विधायक को दिया और उनसे मुख्यमंत्री को ज्ञापन पहुंचाने की मांग की । शिक्षकों ने सेवा विस्तार ,पदोन्नति में वरीयता, टोल टैक्स में छूट, आउट ऑफ टर्न प्रमोशन,चिकित्सीय सुविधाओं में छूट ,एवं रेलवे,सेकंड एसी तथा बस के कूपन की दूरी की सीमा खत्म करने एवं राजधानी में किसी शिक्षक के जाने पर ठहरने हेतु एक भवन एवं सत्रंश का लाभ देते हुए एक वेतन वृद्धि, जनपद स्तरीय किसी भी शैक्षणिक तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा तथा 5 सितंबर को पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करवाना, सम्मान सहित बुलाना, एवं पुरस्कार समिति में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक को समिति की कार्यकारिणी में स्थान देना एवं जिलाधिकारी कार्यालय में पटल पर पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के विवरण चस्पा होने आदि की मांगे रखी । संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष ,अकबर अली हमीरपुर एवं समिति की उपाध्यक्ष स्नेहिल पांडेय,राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका उन्नाव के द्वारा किया गया। समस्त शिक्षकों ने एक स्वर में आह्वान किया कि वह अपनी मांगों के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे तथा लंबित मांगों हेतु एक प्रतिनिधिमंडल का नव गठन किया गया ,जो कि शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं अन्य शिक्षक प्रतिनिधियों से भेंट करके अपनी मांगों का निस्तारण करवाने का प्रयास करेगा। विधायक बाबूलाल तिवारी ने कहा कि वह अंतिम समय तक इन मांगों के लिए प्रयास करते रहेंगे। समस्त आए हुए अतिथियों का आभार स्नेहिल पांडे और अकबर अली ने व्यक्त किया। इस पूरे कार्यक्रम में नीलम श्रीवास्तव, वंदना तिवारी, कांति सिंह, कमलकांत पालीवाल, मनीष देव ,प्रकाश पाठक, उदय राज यादव ,देवेंद्र चरण खरे, सीताराम , बृजपाल राठी, उदय राज यादव,नीलम कुमारी एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के भी राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त अन्य पुरस्कृत शिक्षक भी उपस्थित थे।

हजरत फातिमा ज़हरा की शहादत पर मजलिस का आयोजन

रसूल अल्लाह (स.अ) का इरशादः जिसने उन्हें सताया, उसने मुझे सताया

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। मजलिस में हज़रत सिद्दीका-ए-कुबरा (स.अ) के मर्तबे और मकाम पर विशेष रूप से चर्चा हुई, जिसमें उनकी नूरानी ज़िंदगी और इंसानियत के लिए उनके योगदान पर रौशनी डाली गई। मजलिस का आगाज़ शब ए कुरान से हुआ। शोअरा ने नज़राना-ए-अक़ीदत पेश किया। रसूल अल्लाह (स.अ) का इरशाद- जिसने उन्हें सताया, उसने मुझे सताया। उनके किरदार को दुनिया तक पहुंचाने का फरीज़ा बताया गया। हज़रत की ज़िंदगी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। बताया कि उन्होंने पड़ोसियों के साथ बेहतरीन व्यवहार और तालीम-ओ-तरबियत के ज़रिए समाज को बेहतर बनाने का पैग़ाम दिया। बाप- सय्यद उल अम्बिया (रसूल अल्लाह स.अ) शौहर- सय्यद उल औलिया (हज़रत अली अ.स) बच्चे- जन्नत के जवानों के सरदार (इमाम हसन अ.स और इमाम हुसैन अ.स)खुद- सय्यदा ए नेसा एल आलमीन (आलमे इंसानियत की सरदार)। बीबी की मज़लूमियत और उनके सहनशील किरदार को याद करते हुए मसाएब बयान किए गए। इस मौके पर मौलाना ने ज़ोर दिया कि हमें उनके किरदार से प्रेरणा लेते हुए खुद को और अपने समाज को नूरानी बनाने की कोशिश करनी चाहिए। अलविदाई मजलिस 6 दिसंबर को होगी, जिसके बाद जुलूस निकाला जाएगा। यह मजलिस बीबी के किरदार और इंसानियत के लिए उनके योगदान को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

ओपीएस एवं एलडीसी ओपन ऑल के लिए रेलवे के मान्यता के चुनाव में एन ई रेलवे मेंस कॉंग्रेस व नार्दन रेलवे इम्प्लाइज यूनियन को जिताएँ: एआईआरटीयू

- कुर्सी और शेर चुनाव चिन्ह पर वोट करने की अपील
- इस बार परिवर्तन का मन बना चुके है पेंशन विहीन रेलवे कर्मचारी: विजय बंधु
- एलडीसी ओपन ऑल और ओपीएस ही हमारा चुनावी मुद्दा - अजय सरोज/ राकेश वर्मा
- एआईआरटीयू के सहयोग से हम रेलवे मान्यता के चुनाव में जीत का इतिहास लिखेंगे- डॉ कमल उसरी

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। भारतीय रेलवे में मान्यता के लिए हो रहे चुनाव में पेंशन विहीन युवा रेलवे कर्मचारियों के बीच अति लोकप्रिय एन ई रेलवे मेंस कॉंग्रेस (NERMC) और नार्दन रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (NREU)को आज ऑल इंडिया ट्रैक मेन्टेनर यूनियन (AIRT)ने समर्थन किया। प्रेस क्लब, लखनऊ में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे, एआईआरटीयू जोनल अध्यक्ष -अजय कुमार सरोज एवं महासचिव राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि हम लोग स्वयं अपने बैनर पर चुनाव लड़ रहे थे, लेकिन मान्यता प्राप्त यूनियनों की साजिश की वजहों से चुनाव नहीं लड़ पा रहें हैं, इसलिए समान विचारधारा की यूनियन एन ई रेलवे मेंस कॉंग्रेस को मान्यता के चुनाव में ट्रैक मेंटेनर साथियों के हित मे एलडीसी ओपन ऑल के लिए ट्रैक मेंटेनर एवं रेलवे कर्मचारियों के हितों के, उनके मान सम्मान और बुढापे का सहारा पुरानी पेंशन के लिए समर्थन करने की घोषणा करते हैं। आगे अजय कुमार एवं राकेश वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि हम आप सभी ट्रैक मेन्टेनर साथियों से अपील करते हैं कि रेलवे के दोनों फेडरेशन एनएफआईआर और एआईआरएफ के साथ केंद्र सरकार की बी टीम भारतीय रेलवे मजदूर संघ (BRMS) को भी मान्यता से बाहर रखना होगा। क्योंकि एनपीएस व यूपीएस लागू करवाने के साथ रेलवे का निजीकरण करवाने में इनकी बड़ी भूमिका है, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि एलडीसी ओपन ऑल के साथ रेलवे सहित देश भर में एक सौ दस प्रतिशत हूबहू पुरानी पेंशन बहाल होकर रहेंगी। एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि एन ई रेलवे मेंस कॉंग्रेस एवं नार्दन रेलवे इम्प्लाइज यूनियन लगातार एनएमओपीएस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करता रहा है, इसीलिए आज ऑल इंडिया ट्रैक मेन्टेनर यूनियन ने एन ई रेलवे मेंस कॉंग्रेस और नार्दन रेलवे इम्प्लाइज यूनियन को समर्थन किया है जो बहुत ही सराहनीय और ऐतिहासिक कदम है। उन्होने देश भर के सभी ज़ोन में कार्यरत ट्रैक मेन्टेनर सहित पेंशन विहीन रेलवे कर्मचारियों से अपील की कि वो परिवर्तन के लिए इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन से संबद्ध सभी यूनियनों का सपोर्ट करें एवं उत्तरीय रेलवे में शेर और पूर्वोत्तर रेलवे में कुर्सी को वोट करें, ओपीएस के लिए एनपीएस, यूपीएस पर चोट करें। प्रेस वार्ता का संचालन करते हुए नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे NMSR के राष्ट्रीय प्रचार सचिव - डॉ कमल उसरी ने कहा कि 11 वर्षों बाद रेलवे में यूनियन के मान्यता के चुनाव हो रहें हैं, उसमे एआईआरटीयू का साथ पूर्वोत्तर रेलवे में मिलने से अब हम जीत का इतिहास लिखेंगे, यह चुनाव न केवल रेलवे कर्मचारियों का भविष्य तय करेगा बल्कि जनता की सवारी भारतीय रेलवे जनता के पास बची रहेंगी की नही यह भी तय करेगा, यह चुनाव यह भी तय करेगा कि रेलवे में नई भर्ती होंगी की नही ? रेलवे में यात्रियों को मिल रही पूर्व सुविधाएं बहाल होगी की नही, इस चुनाव को रेलवे कर्मचारी बहुत गम्भीरता से ले रहे हैं, इसलिए हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते कि रेलवे में हो रही लगातार दुर्घटनाओं के लिए शतप्रतिशत रेलवे का निजीकरण जिम्मेदार है, हम आप तमाम साथियों को विश्वास दिलाते हैं कि रेलवे के हो रहे निजीकरण को जनता की भागीदारी से यकीनन रोकेंगे । नार्दन रेलवे इम्प्लाइज यूनियन लखनऊ मंडल मंत्री कॉम तुलसी राम यादव ने कहा कि ट्रैक मेन्टेनर के सहयोग से अब 12 दिसंबर को ओपीएस का सूरज पुनः उदय होगा, हमें सभी कटेरिगल एसोसिएशन समर्थन दे रही है, हम सभी रेलवे कर्मचारी के साथ मिलकर लड़ रहे हैं, हम यकीनन जीतेगें । एआईआरटीयू के जोनल अध्यक्ष एवं महासचिव सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं आभार वक्त करते हुए धन्यवाद एन ई रेलवे मेंस कॉंग्रेस, लखनऊ मंडल मंत्री -सतीश कुमार एवं बलबीर सचान और नार्दन रेलवे इम्प्लाइज यूनियन लखनऊ मंडल मंत्री- तुलसी राम यादव

संपादकीय

अडानी को जांच से बचाने का मोदी सरकार का निराशोन्मत्त प्रयास

अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोपों के बाद अडानी समूह और भारत सरकार द्वारा किये गये बचाव ने भारत में कॉरपोरेट हितों और राजनीतिक शक्ति के बीच परस्पर सम्बंधों के बारे में गंभीर सवाल खड़े किये हैं। जहां एक ओर अमेरिकी जांच ने भ्रष्टाचार सहित गंभीर वित्तीय अपराधों को उजागर किया,वहीं अडानी समूह और भारत सरकार दोनों ने कंपनी का बचाव करने के लिए एक संयुक्त मोर्चा पेश किया और कहा कि आरोपों को केवल तकनीकी रूप से तैयार किया गया है और कम्पनी का नेतृत्व किसी भी कदाचार में शामिल नहीं है। लेकिन बचाव को मोदी सरकार की ओर से कॉरपोरेट हितों को बचाने के लिए एक रणनीतिक चाल के रूप में ही देखा जा सकता है। अमेरिकी आरोप, जो संभावित धोखाधड़ी गतिविधियों, स्टॉक मूल्य हेरफेर और अपतटीय संस्थाओं से संबंधों की ओर इशारा करते हैं, न केवल कंपनी के संचालन के लिए बल्कि भारत के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके व्यापक प्रभाव के रूप में एक गंभीर खतरा पेश करते हैं। अमेरिकी जांचकर्ताओं ने अडानी समूह के लेन-देन में गहराई से जांच की है, जिसमें अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिसका अंतरराष्ट्रीय व्यापार और घरेलू निवेश विश्वास दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। स्थिति की गंभीरता के बावजूद, अडानी समूह और भारत सरकार की प्रतिक्रिया दृढ़ रही है। अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह ने कहा है कि उसके खिलाफआरोप निराधार हैं, उन्हें गलतफहमी या सबसे खराब स्थिति में, अनुपालन में तकनीकी त्रुटियों के अलावा कुछ नहीं बताया जा सकता। भारत सरकार की ओर से अडानी समूह के बचाव को मजबूत राजनीतिक समर्थन मिला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ताओं ने दावा किया है कि यह निजी संस्थाओं से जुड़ा एक विशुद्ध रूप से कानूनी मामला है, और इसलिए, सरकार से चल रही कानूनी कार्रवाई में हस्तक्षेप करने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, इस बयानबाजी ने अंतर्निहित प्रेरणाओं के बारे में संदेह को कम करने में बहुत कम मदद की है। मामले को वित्तीय कदाचार के गंभीर मामले के बजाय कानूनी तकनीकी मुद्दों के रूप में पेश करके, अडानी समूह और भारत सरकार दोनों ही रणनीतिक रूप से आरोपों की मूल प्रकृति से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रतिक्रिया उल्लेखनीय रूप से एक समान रही है, भारत में प्रमुख राजनीतिक हस्तियों और यहां तक कि मीडिया आउटलेट्स ने अडानी समूह के पक्ष में दलीलें दीं तथा इसे वित्तीय घोटाले में उलझी कंपनी के बजाय विदेशी हस्तक्षेप का शिकार बताया। इस बचाव के व्यापक निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह इस बात पर सवाल उठाता है कि भारत में कॉर्पोरेट प्रभाव किस हद तक सरकारी कार्रवाई से जुड़ा है। ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और रसद में अपने विशाल व्यावसायिक हितों के साथ अडानी समूह भारत की सबसे प्रभावशाली कॉर्पोरेट संस्थाओं में से एक है। इसका उदय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के आर्थिक विकास के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। पिछले दशक में अडानी समूह की धूमकेतु की तरह वृद्धि को अक्सर देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की इसकी आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इस प्रकार, समूह का बचाव केवल एक कॉर्पोरेट मुद्दा नहीं है - इसे राष्ट्रीय हित का मामला बना दिया गया है। अगर भ्रष्टाचार के इन आरोपों को दबा दिया जाता है या महज तकनीकी बातों के तौर पर खारिज कर दिया जाता है, तो इससे पारदर्शिता और नैतिक व्यावसायिक गतिविधियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में विश्वास कम होने का जोखिम है। अडानी समूह के राजनीतिक हस्तियों के साथ घनिष्ठ संबंध अच्छी तरह से उजागर हैं। कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या इन संबंधों ने समूह को नियामक जांच की पूरी सीमा से बचाने में मदद की है। इसलिए, समूह का बचाव करने में सरकार की भूमिका ने राजनीतिक अभिजात वर्ग की संभावित मिलीभगत के बारे में चिंता जताई है, जो जवाबदेही पर कॉर्पोरेट सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली प्रणाली को बढ़ावा दे रहा है। अडानी समूह और भारत सरकार दोनों द्वारा निर्मित कथा एक निर्दोष पक्ष के रूप में सावधानीपूर्वक तैयार किये गये चित्रण पर टिकी हुई है, इस आरोप के साथ कि इसे विदेशी शक्तियों द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।

जनसंख्या का गणित

देश में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना तार्किक दृष्टि से गले नहीं उतरता। लेकिन इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं। इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जतायी थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जतायी गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 फीसदी की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं। वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। ऐसी ही जनसंख्या नीति में बदलाव के लिये तमिलनाडु सरकार की तरफ से विरोधाभासी बयान विगत में सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बने हैं। ऐसे हालात में विभिन्न राज्यों में सरकारों को चाहिए कि वे जनसंख्या नीति पर बयानबाजी करने से पहले उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करें। वे विचार करें कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन की चुनौती के बीच क्या वे अतिरिक्त जनसंख्या के बोझ को संभाल पाने में सक्षम हो सकते हैं? निस्संदेह, राजनीतिक और धार्मिक लक्ष्यों के लिये संख्या का खेल खेलने वाले नेताओं को सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना भले ही सफलता का शार्टकट लगता हो, लेकिन उन्हें भारत की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिये ऐसे प्रयासों के निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

जनसंख्या पर भाजपायी विमर्श को बढ़ाते भागवत

> “राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की गुजारिश की है”



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की गुजारिश की है और उसे जनसंख्या विज्ञान के 2.1 के फार्मूले से जोड़कर चाहे सियासी अर्थों को छिपाने की कोशिश की हो, लेकिन सच्चाई यह है कि इस बयान के पीछे उनके संगठन के वे ही पुराने गहन राजनैतिक मकसद मौजूद हैं जिसके लिये वह जानी जाती है- ध्रुवीकरण। उनका बयान ऊपरी खुले तौर पर चाहे संघ की राजनीतिक विंग भारतीय जनता पार्टी द्वारा अब तक की सोच के विपरीत दिखाई देता हो, जो देश के सामने अक्सर बढ़ती आबादी को लेकर चिंता जताती आई है, परन्तु भागवत के बयान को भाजपा के लिये एक दिशानिर्देश की तरह भी देखा जा रहा है। बहुत सम्भव है कि केन्द्र सरकार भागवत के बयान के अनुकूल कोई ऐसी जनसंख्या नीति लेकर आये जिससे हिन्दुओं की आबादी को बढ़ाया जा सके। संघ और भाजपा जनसंख्या सम्बन्धी वास्तविक तथ्यों व आंकड़ों को दरकिनार कर यह प्रचारित करती आई है कि देश में हिन्दुओं की आबादी घट रही है और मुस्लिमों की बढ़ रही है। देश में इस्लामोफोबिया बढ़ाने के लिये जनसंख्या को गलत तरीके से पेश करना संघ-भाजपा की पुरानी नीति है। अनेक महत्वपूर्ण मौकों पर भागवत हों या इन दो संगठनों से जुड़े लोग, इसका डर दिखाते रहे हैं। नागपुर में एक संगठन के सम्मेलन में दिये भाषण में भागवत ने कहा कि-2.1 की कम प्रजनन दर वाला समाज अपने आप नष्ट हो जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे कम जनसंख्या वाला समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट न हो। बिना संकट के भी ऐसे समाज के नष्ट होने की बात उन्होंने सम्भवतरू इसलिये कही होगी ताकि लोग इस बात को तार्किक व वैज्ञानिक आधारों वाला कोई निष्कर्ष समझें और उन पर यह तोहमत न लगे कि वे लोगों को डरा रहे हैं या हिन्दू-मुस्लिम कर रहे हैं। उन्होंने कई भाषाओं और समाज के नष्ट होने की बात करते हुए लोगों को चेताया कि प्रजनन दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिये। इस वृद्धि दर को बनाये रखने के लिये लोगों को दो से ज्यादा (यानी तीन) बच्चे पैदा करने चाहिये। उन्होंने याद दिलाया कि देश में 1998 और 2002 में जो जनसंख्या सम्बन्धी नीतियां तय की गयी थीं उनमें भी 2.1 की दर को बनाये रखने की बात कही गयी थी। हालांकि उन्होंने अमूमन कम याददाश्त वाली जनता के सामने स्पष्ट नहीं किया कि ये दोनों नीतियां भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस शासित कार्यकाल में लाई गयी थीं। चूंकि उनमें अनेक ऐसे राजनीतिक दलों का समावेश था जो इस मामले में दूसरी राय रखते थे, यह नीति कभी भी प्रभावशाली ढंग से लागू नहीं हो पाई थी। अटल बिहारी वाजपेयी वाली यह सरकार 2004 में जाती रही तथा उसके बाद आई यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार (पीएम डॉ. मनमोहन सिंह- दो कार्यकाल) ने इस अनर्गल विषय को तूल देने या बढ़ती आबादी को लेकर रोना-धोना करने की बजाय अधिकतम आबादी को काम देने की नीति पर कार्य किया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी इस पर कोई काम करने की बजाय सियासी मुद्दा बनाकर समाज के भीतर उसे जिन्दा रखा। अपने पहले कार्यकाल (2014-19) के दौरान मोदी आबादी को लेकर एक सकारात्मक रवैया अख्तियार करते नजर आये। उन्होंने अधिक जनसंख्या को, खासकर युवाओं की बहुलता के कारण भारत के लिये एक सौगात बताया। यह एक तरह से चीन की तरह की रणनीति अपनाने जैसा था जिसने बड़ी आबादी को अपनी ताकत बना दिया है। चूंकि पहले-पहल के मोदी भारत को चीन और अमेरिका के मुकाबले में लाने के दावे करते रहे, इसलिये कुछ समय तक तो उनकी पार्टी ने भी देश की आबादी बढ़ने का दुखड़ा सुनाना बन्द कर दिया जो इसका ठीकरा अक्सर मुस्लिम समुदाय पर फोड़ते थे। यह कारगर साबित इसलिये नहीं हुआ क्योंकि भाजपा और संघ के लोग हमेशा से जो बात सुनते आये थे और जिस पर भरोसा करते रहे, मोदी उसके विपरीत बोल रहे थे। साथ ही, जैसे-जैसे मोदी की नीतियां दगा देने लगीं, मोदी, भाजपा और संघ को अल्पसंख्यकों के विरूद्ध बहुसंख्यकों की लामबन्दी की जरूरत अधिक पड़ने लगी। दशक भर से कब्रिस्तान बनाम श्मशान, 80 व 20, कपड़ों से पहचान, बंटेंगे तो कटेंगे, एक हैं तो सेफहैं जैसे नारे भाजपा के ध्रुवीकरण की नीति के उच्चार हैं। सवाल तो यह है कि अब संघप्रमुख ही जब हिन्दू समाज को कई बच्चे वाले बनाने पर तुले हैं तो मोदी के उस बयान का क्या होगा जो यह कहकर लोगों को डराते आये हैं कि श्यदि कांग्रेस आई तो महिलाओं के मंगलसूत्र, सोना और भैंसें छीनकर कई-कई बच्चे वालों को दे दी जायेंगीं? दरअसल भागवत के जनसंख्या सम्बन्धी बयान को संघ-भाजपा के उसी विमर्श को आगे बढ़ाने की नीति एवं प्रयासों की श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में देखा जाना चाहिये। वे जब एक समाज के नष्ट होने की बात करते हैं तो वह समस्त भारतीय समाज की नहीं वरन केवल बहुसंख्यक समाज की बात कर रहे हैं। भागवत अभी भी उस अवधारणा से मुक्त नहीं हो पाये हैं जिसके अंतर्गत यह माना जाता है कि देश में आबादी बढ़ाने के दोषी केवल अल्पसंख्यक हैं जिससे एक दिन ऐसा आयेगा कि मुल्क पर उनका कब्जा हो जायेगा। जनसंख्या बाबत इस बयान को देते हुए उन्होंने चाहे इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का दिखावा किया हो, असल उद्देश्य भाजपा के राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना ही है।

शिवसेना यूबीटी यदि सूझबूझ दिखाए तो पुनः पलट सकती है सियासी बाजी!

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो सियासी फूफा बनेने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए।

कभी महाराष्ट्र की सियासी धड़कन समझी जाने वाली शिवसेना भाजपा से अपनी गहरी दोस्ती के लिए जानी मानी जाती थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद के सवाल ने दोनों के बीच जो खटास पैदा की, वो निरन्तर जारी है। इसने अवसरवादी प्रवृत्ति ने क्षेत्रीय हिंदूवादी राजनीति को गहरा आघात पहुंचाया है। शिवसेना के पूर्व सुप्रीमो और अब शिवसेना यूबीटी के सर्वेसर्वा तथा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव भाऊ ठाकरे के बाद जब शिवसेना के नए प्रमुख और महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जब पुनः मुख्यमंत्री पद के सवाल पर पहले सस्पेंस और बाद में क्लीनचिट वाली राजनीतिक चाल चली तो राजनीतिक गलियारे में उद्धव ठाकरे के ऊपर लगी पदलोलुपता की दाग धूल गई। आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो सियासी फूफा बनेने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी द्वारा कांग्रेस की आलोचना किये जाने के पीछे की एक वजह यह भी है। इसके अलावा, एनसीपी प्रमुख अजित पवार के ऊपर भी भाजपा का भरोसा मजबूत होगा और बीजेपी की महाराष्ट्र सरकार आसानी से बन जाएगी। क्योंकि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार पहले भी मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं और गत विधानसभा चुनावों में बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे के बाद दोनों के बीच जो मतभेद पैदा हुआ है, उसे भी पाटने में मदद मिल जाएगी। बता दें कि अजित पवार के गत दिनों के ताजा बयान का संदेश भी स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। इससे पहले एकनाथ भी लगभग यही बात बोल चुके हैं। इसलिए किसी तरह की गलतफहमी न केवल महायुति की सियासी साख बल्कि शिवसेना और एकनाथ शिंदे के राजनीतिक वजूद पर भी सवाल पैदा कर सकते हैं।

समझा जाता है कि यही सब सोचकर बीमार एकनाथ रविवार को चंगा हो गए और महायुति की बीजेपी सरकार के पक्ष में सकारात्मक बयानबाजी किए। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस भी यही चाहते थे। उन्हें पता है कि उनके समानांतर किसी को पैदा किया जाता है, इसलिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर वो शक करते हैं! सच कहूं तो महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन से पहले जो पूरा सियासी ड्रामा मुंबई से दिल्ली तक चला, इससे यदि किसी को लाभ मिल सकता है तो वह हैं शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे। क्योंकि बीएमसी चुनाव सिर पर है। जब उन्हें यह पता चल चुका है कि कांग्रेस उनको यादा तवजो नहीं देगी, तब वह अपने मूल जनाधार को बचाने की रणनीति बनाएं, जो उनकी गलत नीतियों के चलते एकनाथ शिंदे की तरफ शिफ्ट होते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके लिए वह भाजपा की सरकार को बाहर से समर्थन देने की पहल करें, वो भी बिना मांगे। इससे भाजपा से यादा शिवसैनिकों की सहानुभूति उन्हें मिलेगी। इसके बाद वह महाराष्ट्र से बाहर निकलें और पूरे देश में हिंदूवादी राजनीति को मजबूत करें। क्योंकि सत्ता में रहकर भाजपा जो काम नहीं कर सकती है, वह उनकी परोक्ष सहयोगी बनकर शिवसेना यूबीटी कर सकती है, क्योंकि सिर्फ शिवसेना गई है, उसका मुख पत्र सामना (दोपहर का सामना) आज भी उनके पास है। पहले उद्धव इसका देश व्यापी विस्तार करें और फिर उसी की आड़ में सियासी गोटियां सेट करें। क्योंकि देर सबेर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भाजपा से दूर जाएंगे, क्योंकि इनकी सियासी तासीर कभी देवेंद्र फडणवीस से मेल नहीं खाएगी। इसलिए शिवसेना यूबीटी यदि राजनीतिक सूझबूझ दिखाएगी, तो उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे दोनों का भविष्य उज्ज्वल रहेगा। राजनीतिक रूप से देखें तो चाहे केंद्र की एनडीए सरकार हो या महाराष्ट्र की महायुति सरकार, शिवसेना यूटीबी की जरूरत भाजपा को पड़ेगी ही, ताकि वह अपने सहयोगियों पर प्रेशर की राजनीति डाल सके। यह मोदी-शाह का सियासी स्वभाव है। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर महाराष्ट्र के कार्यवाहक उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे बीजेपी की तीसरी पीढ़ी के नेताओं को अपने व्यक्तिगत विस्तार और संरक्षण के लिए भी शिवसेना की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि उद्धव को पता होना चाहिए कि बड़े दलों में भी देवेंद्र फडणवीस जैसे जमीनी नेता इसलिए अपना वजूद कायम रख पाते हैं, क्योंकि वह समय के साथ बदलते रहते हैं। इसलिए उद्धव ठाकरे भी सियासी हठ छोड़ें और राजनीतिक सूझबूझ भरा फैसला लें। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस का साथ लेना उनकी गलत रणनीति नहीं थी, बशर्ते कि वह उससे खुद को महाराष्ट्र का नेता मनवा लेते। लेकिन जब ऐसा नहीं कर सके, तो अब घर वापसी की जुगत बिठाएं। खुद को बीएमसी चुनाव में मजबूत करें। महाराष्ट्र में शिवसैनिकों के विश्वास पुनः जीतें। क्योंकि राजनीतिक मौतें हमेशा अस्थायी होतीं हैं, शाश्वत तो नेताओं व उनके दलों की नीतियां होती हैं, जो उन्हें बार बार राजनीतिक पुनर्जन्म देती हैं। बिहार के जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यदि वह सियासी ज्ञान लेते रहें तो घरवापसी भी यादा कशमकश वाली नहीं रह जायेगी! पते की बात तो यह होगी कि भाजपा जिन हिंदूवादी मुद्दे पर मुखर होकर नहीं बोल पाती है, वह उसपर मुखर हों। संघ से देशव्यापी आशीर्वाद की कामना करें, क्योंकि भाजपा पर सियासी अंकुश रखने के लिए भी संघ को शिवसेना जैसे पुराने शुभचिंतकों की जरूरत हमेशा पड़ेगी।

मेष:- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

बृषभ :- स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

मिथुन:- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें।

कर्क :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्य का ध्यान रखें।

सिंह :- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

कन्या :- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

तुला :- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

वृश्चिक :- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

धनु :- नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

मकर :- आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

कुंभ :- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

मीन :- समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

संसद को ठप्प कौन कर रहा है?

राजेंद्र शर्मा

क्या संसद का शीतकालीन सत्र उसी रास्ते जा रहा है, जिस रास्ते पिछले कई सत्र गए हैं। कुल तीन हफ्तों के सत्र में पहले हफ्ते संसद के लगातार ठप्प होने के बाद, दूसरे हफ्ते की भी शुरूआत उसके ठप्प रहने का सिलसिला जारी रहने से हो गयी है। संसद के इस तरह ठप्प होने में एक खास बात है, जिसकी संसद के ठप्प होने पर आम तौर पर सत्तापक्ष से लेकर मुख्यधारा के मीडिया तक द्वारा जतायी जाने वाली चिंताओं में, शायद ही कभी चर्चा की जाती है। यह खास बात यह है कि संसद के ठप्प होने से सरकारी काम-काज बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होता है, बिल्कुल नहीं रुकता है। इसे एक छोटे से उदाहरण से समझा जा सकता है। वक्फसंशोधन विधेयक को संसद के पिछले सत्र में भारी विरोध के बाद, संयुक्त संसदीय समिति को विचार के लिए भेजे जाने के बाद से, संयुक्त संसदीय समिति में दूर-दूर तक कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई थी। इसके लिए सबसे ज्यादा भाजपा और उसके सहयोगी जिम्मेदार थे, जिनके आचरण से यह साफहो गया था कि प्रस्ताव भले ही अभी कानून में संशोधन का ही हो, संघ-भाजपा की नीयत वक्फबोर्ड को खत्म करने की ही है। इसे तब और भी साफकर दिया गया, जब महाराष्ट्र के विधानसभाई चुनाव में जीत की शाम को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में अपने संबोधन में खुद प्रधानमंत्री ने वक्फ बोर्ड को, आंबेडकर के संविधान के खिलाफकरार दे दिया। फिर भी जैसाकि मोदी-पूर्व के दौर में हुआ करता था, जब बहुपक्षीय विचार-छानबीन के मंच के रूप में संसदीय समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका हुआ करती थी और संयुक्त संसदीय समितियों के काम को बहुत गंभीरता से लिया जाता था, सर्वसम्मति के करीब नजर न आने को देखते हुए, उक्त संयुक्त संसदीय समिति को अपने काम के लिए और समय दिए जाने का सुझाव आया था। इसके पीछे सोच यह थी कि और विचार-विमर्श तथा अध्ययन के जरिए, मतभेदों को कम कर के, सर्वसम्मति के ज्यादा नजदीक पहुंचा जा सकेगा। लेकिन, प्रधानमंत्री के उक्त भाषण से सत्ताधारी भाजपा की दिशा साफहो गयी और वक्फ संशोधन विधेयक को शीतकालीन सत्र की कार्यसूची में प्रमुखता से रख दिया गया। इसके बाद भी, चूंकि इस मामले में भाजपा के लिए अपनी मर्जी चलाना आसान नहीं था और विपक्ष के एकजुट विरोध के अलावा इस मामले में उसके सामने जनता दल यूनाइटेड तथा तेलुगू देशम्ड्ड जैसे अपने सहयोगी दलों को साधने की भी चुनौती थी, जो भाजपा की तरह सीधे-सीधे मुस्लिमविरोध की कतारों में खड़े नहीं होना चाहते हैं, उसे शीतकालीन सत्र में सरकारी कामकाज की प्राथमिकताओं में थोड़ा पीछे खिसकाना पड़ा। इसके बावजूद, भाजपा ने संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश किए जाने के लिए, शीत सत्र के आखिर तक का विस्तार ही स्वीकार किया है। अंततरू उसे अपने मंसूबों में कामयाबी मिले या नहीं मिले, पर फिलहाल भाजपा इसकी कोशिश करने जा रही है कि संबंधित रिपोर्ट इसी सत्र के अंत तक संसद में पेश कर दी जाए, जिससे भाजपा इस मामले में अपना एजेंडा आगे बढ़ा सके।

इस मुद्दे को जोर-शोर से आगे बढ़ाए जाने की एक वजह यह भी हो सकता है कि संघ-भाजपा के मोदी राज को इसका एहसास हो गया हो कि उत्तराखंड जैसे इक्का-दुक्का राज्यों में उसकी सरकारों के तथाकथित समान नागरिक कानून या संहिता को आगे बढ़ाने के बावजूद, देश के पैमाने पर ऐसा कानून बनाना इसके बावजूद आसान नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी चतुराई से इसे समान नागरिक कानून की जगह, सेकुलर नागरिक कानून कहना शुरू कर दिया है। ऐसे में देश के पैमाने पर अपने मुस्लिमविरोधी एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए, वक्फ कानून उनके लिए एक उपयोगी साधन हो सकता है। बहरहाल, हम संसद के ठप्प होने और किए जाने के मसले पर लौटें। आखिर, संसद को ठप्प कर कौन रहा है? इस सवाल के निश्चित उत्तर के लिए हम कानून के एक लोकप्रिय सिद्धांत या धारणा का सहारा ले सकते हैं। यह सिद्धांत यह कहता है कि अपराधी का पता लगाने का आसान तरीका है, इसका पता लगाना कि संबंधित अपराध से लाभ किसका होगा? संसद के ठप्प होने से किस का लाभ हो रहा है? इस सवाल का एक ही जवाब हो सकता हैकृइसमें सरकार का ही फायदा है? क्यों? क्योंकि सारे शोर-शराबे के बीच भी, सरकार न सिर्फ सामान्य सरकारी काम-काज पूरा कर लेती है बल्कि उसने बिना चर्चा के ही विधेयकों पर संसद से मोहर लगवाने को, नया नॉर्मल ही बना दिया है। जब संसद में किसी वास्तविक बहस के बिना ही सरकार का काम हो रहा हो, तो बहस-मुबाहिसे के अर्थ में संसद चलवाने में सरकार की दिलचस्पी क्यों होगी? यह कोई संयोग ही नहीं है कि नरेंद्र मोदी के राज में पिछली संसद ने बदनामी के कहे जा सकने वाले एक नहीं कई-कई रिकार्ड बनाए थे। इनमें तीन रिकार्ड सबसे खास थे। सबसे ज्यादा, करीब डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों को एक साथ संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए जाने का रिकार्ड। लोकसभा के एक पूर्ण कार्यकाल में सबसे कम बैठकों का रिकार्ड। बिना किसी वास्तविक चर्चा के विधेयक पारित कराए जाने और विधेयकों पर चर्चा में औसतन सबसे कम समय लगाए जाने का रिकार्ड। वास्तव में यह संसदीय व्यवस्था के साथ सलूक की नरेंद्र मोदी की आम शैली ही है। गुजरात में अपने शासन के 13 साल में मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने आम तौर पर यह सुनिश्चित किया था कि विपक्ष को विधानसभा में चर्चा के जरिए सरकार को जवाबदेह बनाने का कोई मौका ही नहीं मिले और खासतौर पर विधानसभा की बैठकों की संख्या कम से कम रहे।

गन्ना लदी ट्राली और बस की टक्कर से चालक समेत कई हुए घायल



बस्ती। बीते दिन देर शाम रुधौली थाना क्षेत्र के दसिया चौराहे के पास दमया चौराहा पर खड़ी गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से एक अनियंत्रित प्राइवेट सवारी बस से टक्कर हो गई ।जिसमें चालक समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। खबर के अनुसार मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज विशनपुरवा ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली भिजवाया। सिद्धार्थनगर जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत बांसी के बस चालक गुड्डू पुत्र अज़हर हुसैन उम्र 35 वर्ष बस लेकर बांसी की तरफ जा रहे थे। दसिया चौराहे के समीप सड़क के बगल पंचर होकर खड़े ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी जिससे बस जा टकराई। जिससे चालक गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तत्काल चालक को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और स्वास्थ्य केंद्र रुधौली में भर्ती कराया।

असम के विशेष मुख्य सचिव महेंद्र कुमार यादव और पूर्व मुख्य सचिव पवन बोरठाकुर सहित वर्ष 1979-82 के कॉटन कॉलेज के छात्र समूह के पुनर्मिलन समारोह

तीसरा विकल्प न्यूज़ - पंकज नाथ

असम। प्रमुख शैक्षणिक संस्थान कॉटन कॉलेज के 1979-82 (विज्ञान और कला दोनों धाराओं) के प्री-यूनिवर्सिटी (विज्ञान और कला दोनों धारा) समूह ने रविवार, 1 दिसंबर को गुवाहाटी के पास सोनापुर के ब्रह्मपुत्र जंगल रिज़ॉर्ट में अपना पहला पुनर्मिलन समारोह मनाया। रविवार को प्रदेश भर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह पुनर्मिलन समारोह भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करके मनाया जाता है। उस दिन कार्यक्रम में खुले सत्र का उद्घाटन करते हुए, ब्रह्मपुत्र जंगल रिज़ॉर्ट के प्रबंध निदेशक त्रिदिब शर्मा ने कहा कि पुराने दोस्तों के साथ जुड़ना और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना बहुत महत्वपूर्ण महसूस हुआ है और जिसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के संचालन में सहज प्रतिक्रिया के लिए प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। कॉटन कॉलेज के 1979 बैच के पूर्व छात्र तथा असम सरकार के सेवानिवृत्त मुख्य सचिव पवन बोरठाकुर ने उस दिन कॉलेज

के अनुभव का वर्णन किया और बताया कि अतीत का कॉटन कॉलेज, वर्तमान कॉटन विश्वविद्यालय, पूरे पूर्वोत्तर में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के संस्थान के रूप में खड़ा है। बोरठाकुर के अलावा, भारत सरकार के सेवानिवृत्त मुख्य आयकर अधिकारी शांतनु डेका (आईआरएस), सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक और अब असम सरकार के विशेष मुख्य सचिव (पर्यावरण और वन विभाग), एम.के. यादव (आईएफएस) ने भी भाषण देते हुए अपने छात्र दिनों की यादें ताजा कर दीं। इस अवसर पर प्रतिभागियों में देश के विभिन्न हिस्सों से आए अनिवासी भारतीय और पूर्व के छात्राएं शामिल थे। इसके अलावा, उस दिन के खुला सत्र उन लोगों के लिए एक गंभीर स्मरण और शोक प्रार्थना के साथ शुरू हुआ जो वर्तमान में दुनिया में नहीं हैं। खुले सत्र में प्रतिभागियों द्वारा कोरस, बिहू, आधुनिक गीतों का गायन शामिल था। सांस्कृतिक सत्र का मुख्य आकर्षण वर्ष 1979 के एक अन्य पूर्व छात्र प्रसिद्ध गायक अनिर्बान दास द्वारा गाया गया गजल और असमिया गीतों की प्रस्तुति थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा गाए गए जातीय गान के साथ हुआ था । गौरतलब है कि असम आंदोलन में अहम भूमिका निभाने और असम का भाग्य बनाने वाले कॉटन कॉलेज के पी.यू 79-82 बैच की यह पहली रीयूनियन बैठक थी। पी.यू 1979-82 बैच की बैठक में बैचमेट्स के बीच के अपार बंधन को दर्शाया गया था, और इसके साथ ही बैच की बहुमुखी प्रतिभा भी परिलक्षित हुई। रविवार को पुनर्मिलन समारोह सफलतापूर्वक आयोजित हो गई । उस दिन 45 साल के अंतराल के बाद बैटस्मेट्स एक-दूसरे से मिलकर बहुत उत्साहित हुए और उसी दिन बैटस्मेट्स ने आने वाले समय में समाज और असम के विकास में सकारात्मक योगदान देने का संकल्प लिया ।

चौबीस घंटे पहले प्रधान के सहायक तो दुसरे दिन ग्राम प्रधान की एक ही घाट पर जले शव



माहुल आजमगढ़। अहरौला विकासखंड के मतलूबपुर ग्राम सभा के वर्तमान ग्राम प्रधान गजाधर प्रसाद मद्धेशिया (55) रविवार सुबह अचानक तबीयत खराब हुई और उन्हें अहरौला स्थित निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया जहां उन्हें जांच के बाद मृत् घोषित कर दिया गया। कई बार लगातार प्रधानी का चुनाव लडने के बाद छठी बार सफलता मिली थी ब्लाक के सबसे सीधे व इमानदार प्रधान में गिनती की जाती थी। निधन से विकासखंड सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौके पर पहुंच गये शोक संवेदना व्यक्त की। अभी शनिवार को ही इसी ग्राम सभा के रोजगार सेवक के पति व प्रधान के सहायक का काम देखने बाले संजय कुमार की भी मौत हुई दोनों शव चौबीस घंटे के अंतराल पर एक ही घाट पर जले प्रधान व सहायक दोनों लोगों का शव अहरौला के तामसा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस के संरक्षण में चल रहे आनलाइन जुआ के नेटवर्क से घर हो रहे बर्बाद

वाराणसी। सिगरा थाना क्षेत्र और उसके आसपास के इलाकों में ऑनलाइन जुआ का कारोबार तेजी से फैल रहा है। सोनिया चौकी और अन्य क्षेत्रीय पुलिस चौकियों के संरक्षण में यह काला धंधा खुलेआम संचालित हो रहा है। बताया जा रहा है कि सोनिया चौकी क्षेत्र में कई 卐काउंटर卐 संचालित हो रहे हैं जहां ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी का खेल धड़ल्ले से चल रहा है।इन काउंटरों को क्षेत्रीय माफिया और दबंगों द्वारा संचालित किया जा रहा है। आरोप है कि इनमें से कई अपराधियों का पुलिस रिकॉर्ड भी मौजूद है। स्थानीय जनता का आरोप है कि पुलिस चौकी और क्राइम ब्रांच के कुछ अधिकारी व कर्मचारी इस अवैध कारोबार में संरक्षण दे रहे हैं। सिगरा थाना और सोनिया चौकी क्षेत्र जुए का मुख्य केंद्र बना हुआ है। आरोप है कि पुलिस अधिकारी, जुआ संचालकों से 卐सिस्टम卐 के तहत मोटी रकम लेकर उन्हें खुली छूट देते हैं। पुलिस का संरक्षण मिलने के कारण ही यह धंधा दिन-रात फलफूल रहा है।

जुए की वजह से बर्बाद होते घर

यह अवैध कारोबार केवल कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं कर रहा, बल्कि हजारों परिवारों को भी बर्बाद कर

रहा है। जुए में हारने वाले कई व्यक्ति अपनी पूरी संपत्ति गंवा चुके हैं।हाल ही में रमाकांत नगर, सिगरा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने जुए में 80 लाख रुपये हारकर अपनी जमीन और घर बेच दिया।गरीब मजदूर अपनी रोज की कमाई जुए में गंवाते हैं और जब कर्ज चुकाने में असमर्थ होते हैं, तो उनके साथ मारपीट की जाती है।

क्षेत्रीय प्रशासन पर जनता का गुस्सा

जनता का कहना है कि जब पुलिस ही इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है, तो उनकी शिकायतें किसके पास जाएं?। सिगरा थाना और सोनिया चौकी के अधिकारियों पर अवैध गतिविधियों को सिस्टम के तहत चलाने का आरोप लगाया जा रहा है। क्षेत्रीय नेता और समाजसेवी इस विषय पर चुप हैं क्योंकि उन्हें भी इस नेटवर्क के बारे में जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही।

कैंट, भेलूपुर और जैतपुरा क्षेत्रों में भी सक्रिय नेटवर्क

सिगरा के अलावा कैंट थाना क्षेत्र, चौकाघाट पुलिस चौकी और भेलूपुर क्षेत्र में भी ऑनलाइन जुआ का नेटवर्क सक्रिय है। चर्चा है कि कैंट थाना क्षेत्र में कई वर्षों से यह नेटवर्क बिना किसी रोक-टोक के संचालित हो रहा है। जैतपुरा और चौकाघाट क्षेत्रों में भी ऑनलाइन जुए की गतिविधियां जोरों पर हैं।

समाज को नुकसान, पुलिस की साख पर सवाल

ऑनलाइन जुए के बढ़ते प्रचलन से समाज में अपराध, झगड़े और तनाव बढ़ रहे हैं। पुलिस का यह रवैया उसकी साख को नुकसान पहुंचा रहा है। जनता उच्च अधिकारियों से अपील कर रही है कि वे इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाएं और घटना स्थल की गोपनीय जाच करे यदि इस अवैध कारोबार पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह न केवल समाज और परिवारों को बर्बाद करेगा, बल्कि पुलिस की साख को भी गंभीर नुकसान पहुंचाएगा।

रक्तबीर ने रक्तदान कर वृद्धा को दिया जीवन दान

दुद्धी, सोनभद्र। रक्तदान को महादान यूं ही नहीं कहा जाता है। जरूरत के समय किसी को रक्त देकर उसकी जान बचाना बहुत बड़ा कार्य है। मलदेवा गांव के अवधेश प्रजापति ने रक्तदान कर एक बृद्ध महिला चंपा देवी 65 पत्नी शिव शंकर यादव निवासी केवाल के जीवन को बचाने का कार्य किया। डोनर अवधेश प्रजापति ने ब्लड के लिए दुध्दी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर तुरंत रक्तदान किया और 2.4 ग्राम हीमोग्लोबिन कम महिला को डोनेट कर जान बचाया। बताते चलें की 65 वर्षीय बृद्ध महिला को हीमोग्लोबिन ढाई ग्राम हो गया था। जिसके वजह से परिवार के परिजन परेशान थे। जिसकी जानकारी मिलते ही अवधेश प्रजापति ने ब्लड डोनेट किया है। इस अवसर पर विकास अग्रहरि, अफसार रजा, रामबाबू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दीक्षा कौशल केन्द्र में जीरेट्रिक बैच लॉन्च,प्रमाण पत्र व टूलकिट वितरण कार्य क्रम का भी हुआ आयोजन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। जिले में स्थित डालमियां चीनी मिल जवाहरपुर के दीक्षा कौशल केन्द्र में जीरेट्रिक बैच लॉन्च व प्रमाण पत्र एवं टूलकिट वितरण के कार्यक्रम का आयोजन डालमियां भारत फाउंडेशन के दीक्षा कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष बंसल गाना प्रबंधक डालमियां भारत शुगर एवं इण्डस्ट्रीज लि0,जवाहरपुर प्रिया पटेल जिला प्रोबेशन अधिकारी, आईसीटी के पूर्व डायरेक्टर कमलेश पांडेय,जवाहरपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहित शुक्ला उर्फ मोनू एवं दीक्षा ट्रेनिंग सेंटर से विमल कुमार त्रिपाठी,दीक्षा मैनेजर डालमियां भारत फाउंडेशन अर्जुन त्रिपाठी, लोकेशन लीड आदि रहे। आशीष बंसल ने डालमियां भारत फाउंडेशन के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और डालमियां भारत फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे सभी सामाजिक कार्यों की जानकारी दी जिसमें ग्राम परिवर्तन एवं दीक्षा साथ ही जीरेट्रिक केयर एन आई एस डी के सहयोग से संचालित बैच का शुभारम्भ किया।जिसके अन्तर्गत पच्चिस ट्रेनीज को तीन महीने कौशल विकास प्रशिक्षण कर के रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके बाद प्रिया पटेल जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिलाओं से सम्बन्धितविभिन्न योजनाओं महिला हेल्पलाइन,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,कन्या सुमंगला,आदि सरकारी योजना के बारे में भी बताया।इसके पश्चात विमल त्रिपाठी ने बताया वर्ष 2018 से आज तक बाइस सौ युवाओं का कौशल विकास किया गया और सत्र 2024-25 में तीन सौ पचहत्तर युवाओं को ट्रेन्ड कर के रोजगार से भी जोड़ा गया। साथ ही इलेक्ट्रीशियन के छात्रों को श्नाइडर इलेक्ट्रिक कंपनी की टूल किट का भी वितरण किया गया। जिसमें कुल तीस छात्रों को टूल किट प्रदान की गई। जिससे वह अपन स्वरोजगार शुरु कर सके। डालमियां भारत फाउंडेशन से विकास वर्मा,विक्रम कुमार, सुधाकर पांडेय विनीत द्विवेदी, आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्राम रोजगार सेवक का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से मौत

खंड विकास अधिकारी शोकसभा कर मृतक को अर्पित किए श्रद्धांजलि

जमालपुर, मिर्जापुर। विकास खण्ड जमालपुर के विशेषरपुर माफी गांव निवासी रोजगार सेवक सुरेश यादव पुत्र चन्द्र देव यादव उम्र 38 वर्ष का सोमवार की सुबह असामयिक निधन हो जाने से ब्लॉक जमालपुर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को अचानक तबियत खराब होने पर परिजनों ने आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल मे भर्ती कराया, जहां सोमवार की सुबह मौत हो गई ।मृतक सुरेश यादव ग्राम रोजगार सेवक के पद पर तैनात थे । सुबह अचानक मौत की खबर मिलते ही ब्लाक मुख्यालय पर शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार की सुबह ब्लॉक कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी डाक्टर रक्षिता सिंह सहित उपस्थित सभी कर्मचारियों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए 5 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मृतक रोजगार सेवक तीन भाइयों में बीच का था ।इनको एक पुत्र व एक पुत्री है ।असमय निधन होने से पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक रोजगार सेवक का अंतिम संस्कार स्वामी विवेकानंद घाट नारायनपुर किया गया ।इस दौरान मुकेश शर्मा,संतोष मिश्रा,रमेश कुमार सिंह, जय सिंह, अशोक कुमार, बालकरन, चंद्रमा प्रसाद, ओम प्रकाश, प्रदीप कुमार , कमलेश,गोपाल, राजू सहित तमाम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए राजनारायण गुप्त उर्फ कैमी

एक मंच पर एक साथ 101 पुस्तकों का विमोचन करने पर हुए सम्मानित

जमालपुर, मिर्जापुर। बिहार के राजगीर में मानवता अनुसंधान केंद्र धराधाम इंटरनेशनल गौरैया बिहार फाउंडेशन एवं एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के संयुक्त तत्वाधान में हुए अंतर्राष्ट्रीय मगध गौरव सम्मान समारोह में गीताश्री साहित्य भारती परिषद द्वारा 101 पुस्तकों का एक साथ किए गए विमोचन को एशिया बुक? आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। बिहार के राजगीर नालंदा में एक दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक राजनारायण गुप्त कवि उर्फ कैमी को एशिया बुक निदेशक डा.नारायण यादव,डॉक्टर सौरभ पांडेय,कस्टम कमिश्नर डॉ डी आर रेवाला एवं नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार के कर-कमलों द्वारा एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। बता दें कि गीताश्री साहित्य भारती परिषद मीरजापुर के तत्वावधान में विगत 17 अक्टूबर को क्षेत्र के कैमा रसूलपुर गांव में आयोजित हुए साहित्यिक कार्यक्रम में एक साथ एक मंच पर 101 पुस्तकों का विमोचन किया गया था। पुस्तक विमोचन के एशिया बुक रिकॉर्ड में शामिल किए जाने पर संस्था के पदाधिकारियों सहित कवियों में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों में डा.अभिषेक, ग्राम प्रधान दयाराम पटेल,राजीव रंजन, अरविंद दूबे ,दयाराम पटेल, जितेन्द्र गुप्ता,कविंद्र अकेला, इत्यादि ने प्रसन्नता व्यक्त किया। इस उपलब्धि को कवि कैमी ने अपने माता-पिता गुरु परिवार एवं पूर्वजों के साथ समस्त जिले वासियों को समर्पित किया है।

हृदय गति रुकने से उपनिरीक्षक का मौत

जमालपुर, मिर्जापुर। विकास खण्ड जमालपुर के थाना पर तैनात उपनिरीक्षक रविन्द्र यादव उम्र 51 वर्ष निवासी जमानिया ,ताजपुर मांझा, गाजीपुर का हृदय गति रुक जाने से रविवार की देर रात उनके पैतृक गांव मौत हो गई ।जिसकी जानकारी होने पर थाना परिसर में शोक की लहर दौड़ गई ।मृतक की तैनाती फरवरी माह 2024 में जमालपुर थाने पर मुख्य आरक्षी के पद पर हुई थी। प्रमोशन के बाद स्थानीय थाने पर ही उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे ।मृतक उपनिरीक्षक एक दिसंबर से चार दिनों का अवकाश लेकर अपने पैतृक गांव गाजीपुर गए हुए थे। जहां उनकी हृदय गति रुक जाने से रविवार को मौत हो गई। मृतक 1992 ई.में पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर तैनात हुए थे ।उनके निधन पर थाना प्रभारी विजय कुमार सरोज, उपनिरीक्षक नसीम खान,मुख्य आरक्षी पुनीत यादव,इनय कुमार,राजू सहित पुलिस कर्मियों ने एक मिनट का मौन रखकर शोक जताया।

भीम आर्मी के ब्लाक कार्यालय का हुआ उद्घाटन

जमालपुर, मिर्जापुर। जमालपुर बाजार के टेम्पो स्टैंड के पास भीम आर्मी संगठन के ब्लाक कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष जयप्रकाश ने सोमवार को फीता काटकर किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की अपील किया। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात जिलाध्यक्ष ने संगठन के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी दिया। उम्मीद जताया कि इनके देखरेख में संगठन मजबूत होगा। इस दौरान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, तहसील अध्यक्ष अमीत कुमार राव, सुभाष चन्द्र, बबलू बियार, कमलेश कुमार, मोहन लाल,अजय राज गौतम,दुखंती,टेगरी, डाक्टर कमला प्रसाद, गणेश, रजनीश, संतोष सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार ने लाखों युवाओं को उपलब्ध कराया रोज़गार

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से लगाने के लिए विशेष कार्य कर रही है। प्रदेश के युवाओंध्युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रदेश के लाखों युवक और युवतियां विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से लगे हुए है। सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों जॉब सीकर्स को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। आउटसोर्सिंग ऑफमैनपावर के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उसके अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेंट ई.मार्केटप्लेसए जेम की व्यवस्था लागू किये जाने के संबंध में जेम पोर्टल पर पंजीकृत एवं बिड अवार्डी सेवाप्रदाताओं द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के चयन हेतु व्यवस्था विकसित की गयी है। जिसके द्वारा सेवाप्रदाता मांग के अनुरूप संबंधित विभागों को कुशल मैन पावर की आपूर्ति करते हुए युवाओं को रोजगार से लगा रहे है। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक ;सेवायोजन एवं रोजगारद्ध आयोग के अंतर्गत शासनादेश संख्या 434/36/.5.2020.8;29/2020 दिनांक 16 जूनए 2020 द्वारा कामगारोंध्श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभागए उ0प्र0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक सेवायोजन एवं रोजगार आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग के गठन से श्रमिको के हित सुरक्षित किए गए है। मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक- 05 दिसम्बर, 2020 से ''मिशन रोजगार'' अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है। सेवामित्र के अंतर्गत कौशल प्राप्त कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य स्थानीय सेवायें (प्लम्बर, कारपेंटर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान हेतु सेवामित्र पोर्टल की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है। सेवामित्र व्यवस्था की प्रगति में कुशल कामगारों की संख्या 50,756, सेवाप्रदाताओं की संख्या 965 तथा सेवामित्रों की संख्या 4890 है।

प्रदेश सरकार प्रदेश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध करा रही है। सेवायोजन विभाग द्वारा प्रदेश के बेरोजगारों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इजराइल में निर्माण श्रमिकों की मांग के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा इजराइल सरकार की संस्था पी0आई0बी0ए0 के सहयोग के साथ लगभग 9 हजार निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने हेतु टेस्टिंग की कार्यवाही की गयी है। जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से 9 हजार कुशल श्रमिकों को अब तक इजराइल भेजा जा चुका है। भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत 05 हजार कुशल श्रमिकों को चयन करते हुए इजराइल भेजने के कार्यवाही चल रही है।

स्काउट और गाइड के तृतीय सोपान शिविर में दिया गया प्रशिक्षण

सकलडीहा, चंदौली। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वावधान में सकलडीहा इंटर कॉलेज सकलडीहा में सोमवार को चौथे दिन स्काउट, गाइड तृतीय सोपान शिविर के अवसर पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के चौथे दिन डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की उपस्थिति में ध्वज शिष्टाचार कराया गया। वीपी सिक्स,पीटी परेड,कलर पार्टी,सीटी के संकेत, गांठ फांस बंधन, मामोमा के कार्य के बारे में जानकारी दी गई। ध्वज शिष्टाचार के दौरान बच्चों को सम्बोधित करते हुए डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि जीवन में अनुशासन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। स्काउट साहसी और मितव्यई होता है। सबका मित्र व एक दूसरे स्काउट, गाइड का भाई बहन होता है। इस मौके पर स्काउट के नव नियमों को याद रखने का संकल्प दिया गया। जिला कोषाध्यक्ष सत्यमूर्ति ओझा की देख रेख में आयोजित प्रशिक्षण के चौथे दिन जिला स्काउट मास्टर जय प्रकाश रावत व काउंसलर सुनीता मौर्या तथा रेखा यादव द्वारा स्काउट आंदोलन, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम आदि की विधिवत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर राम विलास पांडेय ,शरद चंद्र विवेक,चंद्र नारायण शर्मा,सपना मिश्र, प्रियंका, वासियुज्जमा खा,रामकरण,सुनीता मौर्य, रेखा यादव,संजय मिश्र, संजीव कुमार यादव, दिलीप सिंह अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

एससी,एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार से नगर पंचायत की समस्या को लेकर चेयरमैन संग मिला प्रतिनिधि मंडल

दुद्धी, सोनभद्र। नगर पंचायत अंतर्गत जनसमस्याओं को लेकर सोमवार को अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त मंत्री जीत सिंह खरवार से नगर पंचायत दुद्धी चेयरमैन कमलेश मोहन संग नगर पंचायत स्वच्छता मिशन ब्रांड एंबेसडर जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, व सभासद प्रेम नारायण सिंह सहित तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिला। बहुप्रतिक्षित /लंबित जर्जर सड़क डीहवार बाबा रोड वार्ड नंबर 2, प्राचीन शिवाजी तालाब अमवार रोड वार्ड नंबर 4, वार्ड संख्या 5 पूर्व मछली गली रोड़, सब्जी मंडी से डिग्री कॉलेज रोड वार्ड 5, कलकल्ली बहरा वार्ड 7 आदि वर्षों से जर्जर सड़क के निर्माण सहित महुआरिया पोखरा सुंदरीकरण आदि संबंधित मांग पत्र अनुसूचित जाति /जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार को सौंपा गया। उक्तकार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने संदर्भित मांग पत्र दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा चुनाव में नली - गली, सड़क सहित महुआरिया पोखरा, बढ़नीनाला पोखरा आदि का निर्माण कराए जाने का संकल्प पत्र द्वारा घोषणा चुनाव में किया था। जिसे मूर्त रूप जमीन पर दिए जाने हेतु प्रयास तेज कर दिया गया है। आम जनमानस भी जर्जर सड़क व नगर के सुंदरीकरण को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष से काफी अपेक्षा किए हुए है। जिसके लिए नगर अध्यक्ष हर संभव प्रयास में जीजान से जुट गए हैं। उधर ज्ञापन प्राप्ति उपरान्त दर्जा प्राप्त मंत्री जीत सिंह खरवार ने जनहित की मांग को गंभीरता पूर्वक लेकर सरकार से कार्य कराए जाने का पूर्ण आश्वासन दिया है।

प्रयागराज महाकुंभ-2025 की तैयारी शुरु

सिकंदरा कानपुर देहात। कानपुर देहात में महाकुंभ 2025 की तैयारी के मद्देनजर जिला निगरानी समिति का गठन किया गया है। यह समिति कुंभ मेले के दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में निगरानी रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वहां से निकलने वाला पानी प्रदूषणकारी न हो। समिति का मुख्य उद्देश्य कुंभ स्नान के दौरान पर्यावरण को संरक्षित रखना है। यह सुनिश्चित करना कि फैक्ट्रियों और औद्योगिक क्षेत्रों से कोई भी हानिकारक तत्व गंगा नदी में न पहुंचे।जिला निगरानी समिति 20 दिसंबर से 25 फरवरी तक जिले की फैक्ट्रियों की सघन जांच करेगी। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि फैक्ट्रियां सभी निर्धारित पर्यावरणीय मानकों का पालन कर रही हैं। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट जल का अवैध प्रवाह तो नहीं हो रहा है। जिससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। यह समिति कड़ी निगरानी रखेगी ताकि किसी भी प्रकार के प्रदूषण से बचा जा सके। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में स्नान करने का अवसर मिले।महाकुंभ के दौरान कानपुर देहात की फैक्ट्रियों को 24 दिनों के लिए बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य जागरूकता के लिए अभिभावकों व किशोरियों के साथ चर्चा जरूरी : शैलेंद्र

ऐलिया ब्लॉक कार्यालय पर उम्मीद परियोजना के तहत हुई समंवय बैठक

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। परिवार नियोजन सेवा की पहुंच एवं गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जिले में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मोबियस फाउंडेशन और पॉप्युलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया (पीएफआई) द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खण्ड सभागार में खण्ड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग),पंचायती राज विभाग,शिक्षा विभाग, आईसीडीएस व आजीविका मिशन के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक मे खण्ड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय में बेहतर रूप से पहुंचे इसके लिए इस बैठक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने किशोर स्वास्थ्य एवं बाल विवाह के विरूद्ध विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर देते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय सहित अन्य कॉलेजों में शिक्षिकाओं को किशोरियों के अभिभावकों के साथ बैठक कर

स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूक करने को लेकर चर्चा करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन,मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी स्तर पर प्रयास करने और सभी विभाग के समन्वय से ही प्रभावी जानकारी के माध्यम से जागरूक करना आवश्यक है, तभी परिवार नियोजन कार्यक्रम के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को भी बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कह उम्मीद परियोजना के संचालन से किशोर स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य,परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों की मांग,कुल प्रजनन दर में सुधार आने की संभावना है।पीएफआई संस्था की पूर्णिमा चौधरी ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उद्देश्य जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन परामर्श केंद्र की स्थापना करने, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर और उप केन्द्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना, उच्च गुणवत्ता वाली सेवा और परामर्श के लिए स्वास्थ सेवा प्रदाताओं, आशा साथ ही सम्बन्धित विभागों आई सीडीएस की आंगनबाड़ी आदि को प्रशिक्षित करना, व्यवहार परिवर्तन टूल के माध्यम से प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए उनके कौशल में सुधार करना और समुदाय मे परिवार नियोजन जागरूकता और स्वीकृति बढ़ाना है। पीएफआई संस्था के राम बरन यादव ने कहा कि उम्मीद परियोजना के तहत कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था,परिवार नियोजन कार्यक्रम पर जागरूकता और पुरुष सहभागिता सहित गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में जागरुकता अभियान आयोजित करना है। बैठक में जीजीआईसी की प्राचार्या शिवानी पाण्डेय,जी आईसी के प्राचार्य संतोष श्रीवास्तव,सुपरवाइजर अनीता यादव, ब्लॉक समन्वयक पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

4 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला

12वीं पास और आईटीआई धारकों को मिलेगा रोजगार का मौका

सिकंदरा कानपुर देहात। कानपुर देहात के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अकबरपुर में 4 दिसंबर को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर के संयुक्त प्रयास से होगा। मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और 12वीं पास व आईटीआई धारकों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी शशि तिवारी ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने शैक्षिक प्रमाणपत्रों और बायोडेटा की छायाप्रति लानी अनिवार्य होगी।गाजियाबाद की प्रतिष्ठित कंपनी श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड द्वारा इस मेले में साक्षात्कार लिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार का मौका दिया जाएगा।यह मेला जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके जरिए स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिलाने का उद्देश्य है। अभ्यर्थी समय पर सुबह 10 बजे पहुंचकर अपना भविष्य संवारने के इस अवसर से न चूकें।

आईपीएस दिनेश कुमार पी बने बस्ती मंडल के नवनियुक्त डीआईजी

बस्ती। 15 वर्षों के अपने सर्विस काल में दो दर्जन से ज्यादा तबादला का चुके आईपीएस दिनेश कुमार पी 2009 बैच के तेजतर्रार अधिकारी है और बस्ती मंडल के ड़ीआईजी के पद पर नियुक्त हुए हैं।14 वर्षों के अपने प्रभावशाली करियर में उन्होंने 24 से अधिक बार तबादले झेले हैं और एक दर्जन से अधिक जिलों में पुलिस कप्तान की जिम्मेदारी संभाली है। उनकी नेतृत्व क्षमता और गुडवर्क के लिए उनकी पहचान बनी है। दिनेश कुमार पी. का जन्म 1 मार्च 1986 को तमिलनाडु के सेलम जिले में हुआ उन्होंने कृषि विज्ञान में स्नातक (बीएससी एग्रीकल्चर) की पढ़ाई की और 2009 में सिविल सेवा परीक्षा पास कर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में शामिल हुए।आईपीएस दिनेश कुमार पी ने सहारनपुर, शामली, गोरखपुर, झांसी,पीलीभीत, हमीरपुर, जौनपुर और कन्नौज जैसे जिलों में पुलिस कप्तान के रूप में काम किया है। सहारनपुर में उनका 20 महीने का कार्यकाल सबसे लंबा और प्रभावशाली रहा, जहां उन्होंने अपराध नियंत्रण में कई ऐतिहासिक कदम उठाए है।

तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकप ने गन्ना भरे डनलप में मारी पीछे से ठोकर डनलप के उड़े चिथड़े बैल की मौत तीन घायल

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत हरगांव दतेली मार्ग पर ग्राम अमिन्नी के पास चीनी मिल को गन्ना लेकर जा रहे एक डनलप में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित मिर्चा लोड पिकप ने पीछ से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक बैल की मौके पर ही मौत हो गयी तथा डनलप के चिथड़े उड़ गये।ठोकर लगने पर डनलप पडोस खांई में जा गिरा।डनलप के गन्ने के नीचे दबकर दो लोग घायल हो गये।जबकि मिर्चा व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया।पिकप चालक घटना के बाद से गाड़ी छोडकर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत हरगांव दतेली मार्ग पर सोमवार को प्रातः लगभग चार बजे ग्राम गुरधपा निवासी लखपति पुत्र बल्ला अपना गन्ना लेकर चीनी मिल हरगांव जा रहे थे।डनलप को लखपति का पुत्र रामकिशोर चला रहा था।तभी हरगांव दतेली रोड पर ग्राम अमिन्नी के पास हरे मिर्चा से लोड पिकप गाड़ी नं.यू पी 32 आर एन 2297 ने तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर पीछे से डनलप में ठोकर मार दी।जिससे डनलप चला रहा राम किशोर व उसका भाई गन्ने के नीचे दब गए। जिससे वह दोनों घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया।उधर पिकप के नीचे दबकर एक बैल की दुखद मौत हो गयी व डनलप छतिग्रस्त होकर पास की खांई में जा गिरा।पिकप के भी छतिग्रस्त हो जाने से उसमें बैठे मिर्चा व्यापारी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें भी तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया है।पिकप चालक घटना के बाद से फरार है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने मौके से पिकप को कब्जे में लेकर जांच प्रारम्भ कर दी है।

स्कूल बोलेरो द्वारा कार में पीछे से टक्कर मारने से कुछ बच्चे हुए घायल

आजमगढ़। हाइवे सड़क मार्ग पर जीवली गांगी नदी पेट्रोल पंप के निकट सोमवार को इंग्लिश मीडियम स्कूल बरदह के सटे महाजन चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल बरदह के जिवली सकारामऊ पिलखुआ गांव से बच्चो को स्कूल ले जा रही बोलोरो जीप तेज रफ्तार से आगे जा रही कार में पीछे से जोर टक्कर मार दिया जिसमे 20 बच्चे स्वर थे कुछ बच्चों को छोटे आई सारे बच्चे बाल बाल बच गए जिसमे सकारामऊ निवासी विद्यालय कक्षा 6 का रजवंत 10 वर्ष ।कक्षा 8 एंजल 12 वर्ष ।कक्षा 4 पीयू। समेत चालक बच्चे घायल हो गए बोलोरो सवार सारे बच्चों घटना होते ही बच्चे घबर कर जोर-जोर से चिल्लाने लगे घटना की जानकारी की सूचना मिलते परिजनों मौके पर पहुंच गए परिजन घबराकर अपने बच्चों को ढूंढने लगे विद्यालय प्रबंधक महाजन जायसवाल घटना की जानकारी होते ही तुरंत मौके पर पहुंचेन दूसरे वाहन से घायल बच्चों को इलाज के लिए जौनपुर ले गए सामने जा रही कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया देवगांव कोतवाली क्षेत्र सोफीपुर गांव निवासी जौनपुर से अपने बच्चे का इलाज कराकर घर जा रहे थे घटना की जानकारी पुलिस को हुई मौके पहुंची पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने लाई जांच पड़ताल में जूटी।

नल जल योजना के तहत लोगो तक घर-घर पानी पहुंचना पहली प्राथमिकता- झरिया विधायक रागिनी सिंह

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

झरिया/धनबाद । विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से ही झरिया की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह से मिलने वालों का तांता लग रहा है, मंगलवार को सिंह मैंशन स्थित आवासीय कार्यालय में रागिनी सिंह से कई लोगों ने मिलने के बाद उन्हें जीत की बधाई दी, तो कई प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने झरिया की समस्याओं से अवगत कराया, इस दौरान विधायक से मिलने वाले आए लोगों ने कहा कि झरिया की सबसे बड़ी समस्या पानी है. ठंड में भी पानी के लिए लोग परेशान है. विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया की जनता जिस उम्मीद से मुझे जिताया है मैं उस उम्मीद पर खरा उतरूंगी. विधानसभा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के घरों तक नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए केंद्र और झारखंड की डबल इंजन की भाजपा सरकार के द्वारा पूर्व विधायक श्री संजीव सिंह की अनुशंसा पर हर घर नल जल योजना की शुरुआत की

गई थी. इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े. भाजपा के कार्यकाल में हर घर नल जल योजना' की पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था तो लोगो में उम्मीद जगी थी कि जल्द ही उनके घरों में पाइप लाइन की टोंटी से पानी आयेगा. लोग फूले नहीं समा रहे थे. उनकी खुशियों का कोई ठिकाना नहीं था. लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार में यह योजना धरातल उतारने में विफल रही. सिर्फ राजस्व को लूटने में रही. पिछले सरकार में इस योजना ने पूरे शहर की सड़कों, गलियों का सत्यानाश कर दिया है. कब कौन सी सड़क और गली खोद दी जाए, लोगों को पता नहीं. इस योजना की कार्य की गति को देख यह कह पाना कठिन हो गया लोगो कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार में लोगों को पानी मिल सकेगा. फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है झरिया की समस्याओं को विधानसभा में उठाऊंगी. जल्द से जल्द से हर घर नल जल योजना' का कार्य शुरू किया जाए ताकि घरों में पानी पहुंच सके लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य के साथ तम्बाकू मुक्त कार्यक्रम का किया गया आयोजन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तम्बौर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालयों में डॉक्टर के द्वारा पहुंच कर राष्ट्रीय तम्बाकू मुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव व नुकसान के बारे में बताते हुए प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। गौरतलब है,तम्बौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात डॉ0एहतिशाम (शानू) के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वस्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अर्न्तगत विभिन्न विद्यालयों जैसे मतुआ, धनपुरिया,सिरकिडा, पलौली,सोहरिया,करमूडीह आदि विद्यालयों में पहुंच कर स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां दी गयी और राष्ट्रीय तम्बाकू मुक्त कार्यक्रम का आयोजन करते हुए नौनिहालों को नशीले पदार्थ से दूर रहने के बारे बताया गया। वहीं तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से कई तरह के कैंसर होने का खतरा,दिल का दौरा पड़ने का खतरा, स्वशन सम्बन्धी समस्या, मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ कई तरह का बुखार होने आदि का खतरा बढ़ जाता है जो कभी कभी प्राण घातक साबित हो सकता है।आप लोग यहां से जब अपने अपने घर पहुंचे तो गांव व घर पर जो भी नशे का सेवन करता मिले उसे नशा छोड़ने के बारे कहते हुए तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे ज़रूर बताएं। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के साथ अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु के सम्बन्ध में सम्पन्न हुई समन्वय बैठक

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर।बिसवां-सिधौली मार्ग पर निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु के सम्बन्ध में समन्वय बैठक सम्पन्न कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सिधौली उपरिगामी सेतु निर्माण में आ रही समस्याओं/चुनौतियों के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी सिधौली से प्रत्येक बिंदु पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश सम्बन्धित को प्रदान किये।उन्होंने कहा कि कोई भी नया निर्माण/अतिक्रमण हो रहा हो तो त्वरित हटवाया जाये तथा सिधौली में रेलवे रेस्टोरेंट से उत्पन्न समस्याओं को निस्तारित करने की रणनीति बनाई जाए, निस्तारण के विकल्प तलाशे जायें। मंदिर शिफ्ट होने की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को प्रदान किये। जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया कि वह रेलवे,लोक निर्माण विभाग से मिलकर एक सर्वे कर लें,जिससे रणनीति बनाना आसान हो जाये।मन्दिर,मस्जिद को लेकर कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसको ध्यान में रखकर आपसी समन्वय स्थापित कर मंदिर मस्जिद को शिफ्ट किया जाये।विद्युत विभाग की तरफ से जानकारी ली गई जिसमें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है। उपरिगामी सेतु निर्माण से सम्बन्धित लेआउट का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गहनता से अवलोकन कर समय से सभी तैयारियों को पूर्ण कर समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को प्रदान किये।जाम एवं यातायात को व्यवस्थित कर सुचारू रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सर्विस रोड को एक सप्ताह में चालू करने के निर्देश उपजिलाधिकारी सिधौली को प्रदान किये। बैठक के दौरान उप जिला अधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज

गोला कांठ। थाना क्षेत्र में दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और नकदी की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना छजलैट पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम चौहरा रसूलपुर निवासी भूरी की शादी उत्तराखंड के थाना जयपुर के ग्राम खेड़ा लक्ष्मी निवासी नाजिम पुत्र रहमान के साथ 17 जून 2023 को मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दहेज भी दिया था परंतु उसके ससुराल वाले दिए हुए दहेज से खुश नहीं थे और दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल, ?200000 की मांग करने लगे। जब विवाहिता और उसके मायके वालों ने दहेज देने में असमर्थता जताई तो भूरी के पति नाजिम, सास खातून, ससुर रहमान, देवर खान, नंद नाजिया, नंदोई मौ कमरुद्दीन आदि ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। उसके ऊपर तेल छिड़क कर जान से मारने की धमकी दी।

दस दिसंबर को दिव्यांग एकता महासम्मेलन का किया जाएगा आयोजन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बिसवां रोड विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय पर मासिक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित समस्त ब्लॉकों के अध्यक्षों ने अपने - अपने क्षेत्र की समस्याएं अवगत कराई।सभी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना गया और कहा उन समस्याओं पर विचार विमर्श कर अतिशीघ्र समाधान कराये जाने का निर्णय लिया गया। प्रबंधक /सचिव बिन्दू मौर्या ने बताया तीन दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है।विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में फाउंडेशन दस दिसम्बर को दिव्यांग एकता महा सम्मेलन मनाने का निश्चय किया है। अपील की गई है कि महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांग जन पहुंचकर सम्मेलन की शोभा बढ़ायें। विभाग की तरफ से दिव्यांगजन शादी अनुदान योजना संचालित है योजना में अधिक से अधिक

संख्या में दिव्यांगजन योजना का लाभ उठाएं।राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल ने कहा कि जिन दिव्यांग भाई बहनों की अभी तक पेंशन नहीं आई है वहां अपने बैंक में जाकर एन पी सी आई या आधार सीडिंग कर लें अन्यथा की स्थिति में पेंशन नहीं आएगी। इस अवसर पर भागीरथ, अली हसन,कौशल किशोर यादव उर्फ बबलू,हरिलाल गुड्डू,रिजवाना,कालिंद्री, छोटी देवी,आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

स्थानान्तरण के बाद भी नहीं छोड़ पा रहे मलाईदार वर्तमान तैनाती

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर। मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति को यहाँ दीवान एवं सिपाही पलीता लगा रहे हैं लंबे अर्से से जमे यह पुलिस कर्मी स्थानांतरण होने के बावजूद रवानगी न होने के चलते हुए मनबढ़ अपने ही महकमे की फजीहत करा रहे हैं।एक कहावत है जब सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का इस कहावत को आपने खूब सुना होगा लेकिन यह कहावत सिर्फ सुनी होगी लेकिन हकीकत में सीतापुर जनपद के लहरपुर कोतवाली में देखने को मिली। वर्षो पहले स्थानीय कबाड़ मंडी जहां अखबारों की सुर्खियां बनी तो वहीं अधिकारियों की नजर भी टेढ़ी हुई फिर कार्यवाहियों का सिलसिला चालू हुआ जिसके चलते आखिर कबाड़ मंडी पर ग्रहण सा लग गया और पूरी तरह बंद हो गई, अधिकारियों की कार्यवाही के आगे कबाड़ व्यापारी दम तोड़ते हुए दिखाई दिए, जिसके चलते लहरपुर से फोर व्हीलर एवं मोटरसाइकिल के कबाड़ी पलायन करने को मजबूर हो गए और होते भी क्यों न क्योंकि अवैध रूप से सेटिंग -गेटिंग के सहारे जो चला रहे थे, फिर क्या उच्च अधिकारियों की जांच व कार्यवाही की रडार में आ गए और उनका धंधा व कबाड़ से जुड़े सैकड़ों लोग व मजदूर काम बंद होने से सड़क पर आ गए, जिस कारण कुछ कबाड़ी बिसवां चले गए तो कुछ लोगो ने अपना डेरा हरगांव में डाल लिया, बाकी जो बचे वह लगुचा और लखीमपुर में अपनी दुकानें खोलकर अपनी जीविका चला रहे हैं। अगर ट्रैक्टर कबाड़ व्यापारियों की बात करें तो उन्होंने अपने पैर पुनः पसारने चालू कर दिए। धीरे-धीरे समय बीतता गया और सेटिंग-गेटिंग करने में माहिर यह कबाड़ियों को चौकी के दीवान विनय पटेल और सिपाही मनीष चौधरी के रूप में वरदान मिल गया।जिन्होंने इन कबाड़ियों की इस डूबती नौका को फिर से पार लगा दिया।नगर के प्रमुख दलालों से साठगांठ करके कार्य को धीरे-धीरे संचालित कर दिया। जिसके बाद फिर से सेटिंग-गेटिंग करके अपने पैर फिर से पसारने लगे जैसे इन्हें फुल छूट दे दी गई हो। सूत्र बताते हैं इसके एवज मे प्रत्येक माह एक मोटी रकम तय हो गई, प्रत्येक माह वसूली होने लगी ऐसी चर्चा आम है।विगत दिनों फिर ट्रैक्टर कबाड़ मंडी अखबारों की सुर्खियां बनी लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। चौकी के दीवान विनय पटेल और सिपाही मनीष चौधरी अपने अधिकारी की नजर में अपने आप को सर्वश्रेष्ठ साबित करने में लग गए और नगर के दो प्रमुख दलालों के साथ मिलकर खेल शुरू कर दिया, और अपने मंसूबे में कामयाब भी हो गए। फिर इनका दौर चालू हुआ नगर के दोनों दलालों से मिलकर नगर में होने वाली घटनाओं में लोगों को पकड़ने से लेकर छोड़ने तक ठेका दीवान व सिपाही के माध्यम से खेल चलता रहा और कमाई के नए-नए रास्ते खुलते गए और साहब की जी हुजूरी से उनके लोक प्रिय व खाश बनने में समय आज तक ऐसा बीता की नगर की जनता को लूटने का सिलसिला अभी भी जारी है। इसी के बलबूते यह आम जनमानस से अपनी खूब मनमानी जमाने लगे और लोगों का शोषण करना चालू कर दिया। समय के साथ हालात बदले कही रवानगी न हो जाये यह सोंचकर दीवान और सिपाही विचलित होने लगे, और फिर अपनी सेटिंग गेटिंग में लग गए। देखने वाली बात तो यह होगी कि क्या नवागत कोतवाली प्रभारी अंडर ट्रांसफर इन दीवान व सिपाही की रवानगी करेंगे या फिर इनकी जड और मजबूत करेंगे यह तो अभी भविष्य के गर्त में ही है।

शिकायतकर्ता ने उपजिलाधिकारी से की अवैध निर्माण रोकने की मांग

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के बस्ती खास रेहरवा निवासी जगदीश प्रसाद और संगीता देवी पत्नी राजेन्द्र ने रास्ते और जमीन पर जबरिया कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी बस्ती सदर ने थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती को निर्देश दिया है कि अवैध हस्तक्षेप को रोका जाय और प्रकरण की स्थलीय अभिलेखीय जांच करा लिया जाय।निर्देश के बावजूद जगदीश प्रसाद और संगीता देवी का कहना है कि पाण्डेय बाजार डुमरियागंज रोड निवासी राजीव गुप्ता बस्ती खास रेहरवा शंकरदास मंदिर के निकट जबरिया विवादित भूमि पर अवैध निर्माण शुरू करा चुकी है। रोकने पर गाली और देख लेने की धमकी देते हैं। जगदीश प्रसाद और संगीता देवी ने उच्चाधिकारियों से मांग किया है कि तत्काल प्रभाव से अवैध निर्माण रूकवाया जाय और भूमि का स्थलीय जांच के बाद ही निर्माण होने दिया जाय।

अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल पर कार्यवाही की मांग

आजमगढ़। अवैध रूप से चल रहे एक निजी हॉस्पिटल के खिलाफ पूर्वांचल जन मोर्चा के राष्ट्रीय शिवमोहन शिल्पकार ने सीएमओ को एक पत्रक दिया था। कार्यवाही न होने के बाद सोमवार को वह फिर मुख्य चिकित्साधिकारी से मिलने पहुंचे लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। पूर्वांचल जन मोर्चा के राष्ट्रीय शिवमोहन शिल्पकार ने बताया कि अवैध रूप से चल रहा एक निजी हॉस्पिटल जगदीशपुर सलारपुर बेलइसा निकट सब्जी मंडी छतवारा रोड पर स्थित है। जिसके विरुद्ध हाईकोर्ट इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है और इनको बार-बार हिदायत दी गई है कि अगर यह हॉस्पिटल संचालन करते हैं तो उनके विरुद्ध सकारात्मक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके अस्पताल का संचालन हो रहा है। इस सम्बन्ध में 7 अक्टूबर को एक पत्रक दिया गया था लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने मांग किया कि तत्काल प्रभाव से अस्पताल का संचालन बंद हो और अस्पताल के संचालक के विरुद्ध सकारात्मक कानूनी कार्रवाई हो। लेकिन अभी तक मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जब कोई नहीं की गयी तो सोमवार को फिर शिवमोहन शिल्पकार मुख्य चिकित्साधिकारी से मिलने पहुंचे लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो पायी। उन्होंने चेतावनी दी कि उक्त अस्पताल पर कार्रवाई जल्द से जल्द किया जाय अन्यथा पूर्वांचल जन मोर्चा जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

दिव्यांका त्रिपाठी दहिया

ट्रोल करने वालों को मैं चुगलखोर आंटी-चाची कहती हूं

दिव्यांका त्रिपाठी कई सालों से टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने टीवी के साथ-साथ वेब सीरीज में भी काम किया है। एक्ट्रेस इन दिनों वेब सीरीज श्द मैजिक ऑफ शीरीश् को लेकर चर्चे में हैं। एक्ट्रेस ने साथ बातचीत की है।

दिव्यांका त्रिपाठी दहिया म्ब्स्त्रैप्टम्रू ट्रोल करने वालों को मैं चुगलखोर आंटी-चाची कहती हूं

मेरी मम्मी ने शादी के बाद बीएड किया था और वो जमाना भी बहुत अलग था- दिव्यांका

असल में मेरा बॉडी टाइप ही ऐसा है कि मैं हमेशा हेवियर साइड में लगती हूं- दिव्यांका

टीवी पर श्दुल्हन बनू मैं तेरीश् से रातों-रात लोकप्रिय होने वाली दिव्यांका त्रिपाठी ने छोटे पर्दे पर एक अरसा बिताने वाली ये अभिनेत्री श्नच बलियेश् और श्फ्यर फैक्टर रूखतरों के खिलाड़ीश् जैसे रिएलिटी शोज में भी अपना जलवा दिखा चुकी हैं। इन दिनों वे वेब सीरीज श्द मैजिक ऑफ शीरीश् में दिखाई दे रही हैं। उनसे एक बातचीत। अपनी सीरीज के बारे में वे कहती हैं, श्ये कहानी सिर्फएक औरत के अधूरे सपनों को पूरा करने की नहीं है बल्कि बुजुर्गों की कहानी भी है कि वे कैसे इफेक्ट हो रहे हैं? बच्चों पर क्या असर पड़ता है? जब एक औरत असंतुष्ट रहती है? वहीं सलीम बने जावेद जाफरी की अपनी कहानी है, जो बताती है कि जादूगर बनने के लिए उन्होंने क्या-क्या बलिदान दिए। मैं इसमें जादूगर बनने का सपना पूरा करती हूं और उसके लिए मेरे किरदार शीरी को किस तरह की कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है, यही हमारी वेब सीरीज है।श

मेरी मम्मी घूंघट पहनकर कॉलेज जाती थीं

दिव्यांका परिवार के लिए कुर्बानियां देने वाली औरतों में अपनी मां और बहन को देखती हैं। वे कहती हैं, श्जब मैंने इसकी कहानी सुनी तो इसमें मुझे अपने आस-पास की इतनी महिलाएं नजर आईं। खास तौर पर मेरी मां या फिर बहन को ही देख लीजिए। हम सभी अपने परिवार के लिए कुर्बानियां दे देते हैं और वो भी इतनी सहजता से कि क्या कहूं?हम जब ये सारी चीजें कर भी रहे होते हैं, तो अपने परिवार की खुशी के लिए कर रहे होते हैं। ये करते हुए हम इस बात का अहसास नहीं कर पाते कि परिवार की जिन खुशियों के लिए हम त्याग कर रहे हैं, तो अंत में तो कोई खुश नहीं रहने वाला। हम लगातार फैमिली के लिए सेक्रिफाइज करते रहते हैं। मैंने अपनी मम्मी को देखा था कि कैसे उन्होंने अपनी ख्वाहिशों को हमारे लिए ताक पर रखा था। मेरी मम्मी ने शादी के बाद बीएड किया था और वो जमाना भी बहुत अलग था। मेरी मम्मी घूंघट ओढ़कर कर बाउजी (मेरे दादा) बाइक पर पीछे बैठकर कॉलेज जाती थीं, क्योंकि पापा का उन्हें कॉलेज छोड़ना अच्छा नहीं समझा जाता था। वहां वे सिंदूर मंगलसूत्र के साथ घूंघट ओढ़े पढ़ाई किया करती थीं। वे आयुर्वेद रत्न भी थीं, उन्होंने टीचर का काम भी किए, मगर फिर वे अपने बीएड को आगे पर्स्यु नहीं कर पाईं, क्योंकि उनके बच्चे हो गए। हम बच्चों को उनकी जरूरत भी थी और समाज का नजरिया भी यही था कि जो औरत घर संभालती है, वो अच्छी औरत होती है। हमारी कंडीशनिंग भी यही होती है कि हमें घर देखना है अपनी इच्छाओं के बारे में नहीं सोचना। मेरी मां ने भी यही किया। अब जब हम बड़े हो गए, तो अब जाकर मेरी मम्मी ने अपनी फ्रेंड्स जो भरतनाट्यम में पारंगत है, उनसे उन्होंने भरत नाट्यम का प्रशिक्षण लिया और आज वे डांस टीचर हैं।श

एक्टिंग करते हुए कुक से खाना बनवाती हूं

एक्टर विवेक दहिया से दिव्यांका की शादी को भी आज तकरीबन 9 साल हो गए हैं। उनसे जब पूछा जाता है कि क्या उन्हें भी अपने किरदार की तरह असल जिंदगी में अपनी शादी के बाद कुर्बानियां देनी पड़ी हैं? इस सवाल के जवाब में वे कहती हैं, श्मैं इसे सेक्रिफाइज नहीं कहूंगी, क्योंकि मेर जो सफर है, मैं उस पर खुश हूं। अगर मैंने अपने परिवार के लिए कुछ छोड़ा भी है, तो मुझे उसका कोई गिला नहीं है। आज मेरा परिवार खुश है और मैं भी अपने ख्वाबों को हकीकत का रूप दे पा रही हूं। कई बार ओर्गेनिकली होता है कि हम सेट पर एक्टिंग करते हुए भी घर का काम कर रहे होते हैं। मैं एक बड़े शो की एंकरिंग कर रही थी और अपने सीन के लिए सेट पर दाखिल होते हुए मैं अपने रसोइये को बता रही थी की खाना क्या पकेगा? परिवार के लिए आपकी प्लानिंग चौबीसों घंटे चल रही होती है, तो फिर आप अगर एक वर्किंग वुमन हैं, तो आपको डबल-ट्रिपल एफर्ट देना पड़ता है, क्योंकि शादी के पहले मैं सिर्फ खुद को मैनेज करती थी, मगर शादी के बाद मुझे अपने परिवार को भी मैनेज करना होता है। वैसे हम सभी महिलाएं बढ़िया मैनेजर होती हैं।श

मुझे अवॉर्ड मिलने पर विवेक रो पड़े थे

अपने पति विवेक दहिया को दिव्यांका काफी सपोर्टिव मानती हैं। वे कहती हैं, श्मैं भगवान का लाख-लाख शुक्र अदा करती हूं, जो विवेक जैसे पति मिले। अब जैसे शीरी के इंटरव्यूज के दौरान विवेक मुझे शूटिंग की बातें याद दिला कर शो को लेकर मेरा रिवीजन करवा रहे थे। वे हमेशा मेरे साथ देते हैं। हमारी ताजा-ताजा मंगनी हुई थी और हमने तभी घूमना-फिरना शुरू किया था, तब मैंने उन्हें गहराई से जानना शुरू किया। मुझे एक अवॉर्ड मिला और उस वक्त ये मेरी उपलब्धि पर भावुक होकर रो पड़े थे। ऐसे इंसान आज कल आपको कहां मिलते हैं? विवेक मुझे खूब समझते हैं। मुझे लगता है हम गाडी के दो पहियों की तरह हैं। वाकई मुझे कभी-कभी अपनी किस्मत पर नाज होता है।श

जी भर कर मीठा खाऊं और मोटी न होऊं

महिला मुद्दों पर दिव्यांका अपनी ठोस राय रखते हुए कहती हैं, श्अगर मुझे भी शीरी जैसा जादू मिल जाए, मैं समाज में सबसे पहले इक्वैलिटी लाना चाहूंगी। कहने को हम कहते हैं कि हम सभी ईक्वल हैं, मगर सही मायनों में इस समानता को स्वीकार नहीं किया गया है। अभी भी हमने देखा है कि जब इक्वैलिटी की बात आती है, तो लगता है कि औरत को बराबरी का दर्जा देना मतलब उस पर अहसान किया जा रहा है। कहा जाता है, आपको मिल तो रहा है न? अरे ये समानता सहजता से मिलनी चाहिए। मुंबई में तो फिर भी इस मामले में परिदृश्य अलग है, मगर जब हम देश के अंदरूनी भागों में जाते हैं या दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जाते हैं,तब मैं विदेशों में भी देखती हूं कि औरत-मर्द को लेकर कितनी असमानता है?श् वे आगे कहती हैं, श्अपनी जिंदगी में तो जादू के बल पर मैं यही चाहती हूं कि जी भर कर मीठा खाऊं और मोटी नहीं होऊं। असल में मेरा बॉडी टाइप ही ऐसा है कि मैं हमेशा हेवियर साइड में लगती हूं। मैं कहना चाहूंगी कि हमने इंडियन बॉडी टाइप को अभी तक उस तरह से नहीं अपनाया है, तो मैं ये भी बदलाव चाहती हूं कि हम इंडियन बॉडी टाइप को सेलिब्रेट करें। आपको पता है कई बार मार्केट में इंडियन बॉडी टाइप के कपड़े नहीं मिलते, क्योंकि वो सब बने होते हैं इंटरनैशनल स्टैंडर्ड के। हामरी स्किन को तो अपनाया जा रहा है, हमारे बॉडी टाइप को भी अपनाया जाना चाहिए।श

ट्रोलिंग करने वालों के मजे लेती हूं

ट्रोल्स के बारे में वे हंसते हुए कहती हैं, श्हम जो सामाज हैं, उसी का तो प्रतिबिंब है सोशल मीडिया। अब उन्हें पता है कि उनके पास एक पर्दा है (सोशल मीडिया हैंडल के रूप में) उस पर्दे की आड़ में वे अपनी कुटिल सोच को सामने लाते हैं। तो हम किसी एक ट्रोलर्स या बंदे को ब्लेम नहीं कर सकते, हमारी सोसायटी की सोच ही ऐसी है। हमें उसके बारे में सोचना चाहिए। एक जमाने में हमारे घरों में चुगलखोर आंटियां हुआ करती थीं। ये ट्रोलिंग करने वाले वही तो हैं चुगलीखोर। मेरे फैंस भी इस बात के बहुत मजे लेते हैं। मैंने ट्रोल्स करने वालों के नाम रख दिए हैं आंटी और चाची, तो जब वे ट्रोलिंग करते हैं, तो मैं पूछ बैठती हूं, अरे आंटी आप दोबारा आ गईं। एक जीजाजी (ट्रोल्स) हैं, जो हमेशा रूठे रहते हैं। मेरा मानना है कि जब आप इनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते, तो फिर मजे ले लो।श

एमटीवी के शो रोडीज से रघुराम को एक अलग पहचान मिली। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की। रघु ने कहा कि उनकी पहली शादी का खत्म होना उनके लिए एक बहुत दर्दनाक अनुभव था। वो समय इतना कठिन था कि उसने उन्हें लगभग मार डाला था। हालांकि, दूसरी शादी के वक्त लोग सोचते थे कि वह काफी गुस्से वाले थे, इसलिए दूसरी पत्नी नताली के परिवार के कुछ मेंबर ने शादी का विरोध किया था। अनट्रिगर्ड विद अमिनजाज पॉडकास्ट पर रघु राम ने अपनी पहली पत्नी संगुधा गर्ग से तलाक पर कहा, श्हम दोस्त थे, फिर हमारी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई और फिर हमने शादी कर ली। लेकिन शादी के बाद हमारी दोस्ती ही खत्म हो गई। हमारा तलाक हो गया। लेकिन तलाक का समय मेरे लिए बहुत कठिन था। उसने मुझे लगभग अंदर से मार डाला था। हालांकि, मैंने उससे काफी कुछ सीखा भी था, जिसने मुझे काफी मजबूत बना दिया था।श् रघु ने कहा, जब कुहू (संगुधा गर्ग) से तलाक हुआ, तब भले ही मैं काफी टूट गया था, लेकिन कहते हैं जो चीज आपको मारती नहीं, वह आपको मजबूत बनाती है। जब मेरी मुलाकात नताली डी लुसियो से हुई, तब मैंने रिश्तों को और करीब से जाना। वह टोरंटो से हैं और इतालवी मूल की हैं। उनके व्यक्तित्व बहुत अलग हैं। मुझे लगता है कि मेरा एक खास प्रकार है, लेकिन यह शारीरिक रूप से नहीं जुड़ा है।श् रघु राम ने कहा, 'डज्ट के शो रोडीज में मैं अपने गुस्से को लेकर काफी फेसम था। इसका असर मेरी पर्सनल लाइफपर भी पड़ा था। जब मेरी नताली से शादी की बात चल रही थी, तब उनके परिवार के कुछ लोग इसके खिलाफ थे। परिवार की महिलाओं ने नताली की मां को घेर लिया और उन्हें दोषी ठहराया। कहा था कि नताली को मुझसे शादी करने से कैसे हामी भर सकती हो। वह शख्स भारत का सबसे हिंसक आदमी है। रघु राम की मानें तो उनकी सास यह सब सुनकर चौंक गई थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि वह सबसे प्यारे इंसान हैं।' रघु राम ने फिर डज्ट के साथ हुए मतभेदों पर बात करते हुए कहा, श्मेरा हो गया था। मैं तंग आ गया था। मैंने इस शो को एकदम पीक पर छोड़ा था। लेकिन एमटीवी के साथ मतभेद होने के कारण मैंने इस शो को छोड़ने का फैसला किया। खबरों के मुताबिक, नताली रघुराम से पहले टीवी एक्टर एजाज खान को डेट कर चुकी हैं । वहीं, नताली श्इंग्लिश विंग्लिशश, श्लेडीज वस रिक्की बहलश् और श्चेन्नई एक्सप्रेसश् जैसे कई फिल्मों में गाना भी गाया है।

श्ऑल वी इमैजिन ऐज लाइटश् एक्ट्रेस दिव्या प्रभा ने अपने लीक हुए वीडियो पर बात की है. वे वीडियो शेयर करने वालों की मानसिकता पर सवाल उठाती दिखाई दी हैं. दांमक वित उिम डडै लीक होने पर दिव्या प्रभा ने तोड़ी चुप्पी, कहा- श्मुझे शोहरत के लिए कपड़े उतारने की जरूरत नहींश् दिव्या प्रभा पायल कपाड़िया के डायरेक्शन में बनी फिल्म श्ऑल वी इमैजिन ऐज लाइटश् में नजर आईं. इस फिल्म से उनका एक वीडियो लीक हो गया जिसके बाद से वे चर्चा में बनी हुई हैं. अब हाल ही में दिव्या ने इस वीडियो को लेकर चुप्पी तोड़ी है. एक्ट्रेस इस वीडियो को लीक करने वालों पर भड़कती नजर आई हैं. ओनमनोरामा से बात करते हुए दिव्या प्रभा ने कहा- श्ये बहुत पथेटिक है. हालांकि, जब मैंने रोल के लिए साइन अप किया था, तब भी मुझे केरल में लोगों के एक ग्रुप से ऐसे रिएक्शन की उम्मीद थी. हम एक ऐसी कम्युनिटी हैं जो योर्गोस लैंथिमोस जैसे फिल्म मेकर्स और यहां तक ष्ष्क फिल्म में उनके काम के लिए ऑस्कर जीतने वाली एक्ट्रेस के लिए भी जश्न मनाते हैं. लेकिन हमें मलयाली महिलाओं का ऐसा रोल करना बर्दाश्त नहीं है.श् श्लीक हुए वीडियो को शेयर करने वालों में 10 पर्सेंट...श् दिव्या प्रभा ने आगे कहा- श्मुझे ये देखकर खुशी हुई कि ऐसे लोग थे, खासकर पुरुष, जिन्होंने इस हरकत का विरोध किया. इससे पता चलता है कि करंट जेनरेशन में बहुत उम्मीदें हैं. लीक हुए वीडियो को शेयर करने वालों में 10 पर्सेंट आबादी शामिल है और मैं उनकी मानसिकता को नहीं समझती. मलयाली भी केंद्रीय बोर्ड का हिस्सा थे, जिसने हमें मंजूरी दी थी.श् श्शोहरत के लिए मुझे कपड़े उतारने की जरूरत नहीं हैश् एक्ट्रेस ने आगे कहा- श्एक एक्टर होने के नाते मैं ऐसी स्क्रिप्ट करती हूं जिसके लिए मैं कंफर्टेबल हूं और मैं ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट में अपने किरदार को लेकर पूरी तरह कंफर्टेबल थी. कुछ लोगों ने मेरी आलोचना करते हुए कहा कि मैंने शोहरत के लिए ऐसा सीन किया है और मैं क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्मों का भी हिस्सा रही हूं. मुझे नहीं लगता है कि शोहरत के लिए मुझे कपड़े उतारने की जरूरत है.श

पहले मां फिर पिता को खोया

कठिनाई के बावजूद नहीं मानी हार, अब कप्तान मोहम्मद अमान ने जड़ा शतक

शारजाह। दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं रहा। उनकी कहानी किसी फिल्म की पटकथा से कम नहीं है। आइये जानते हैं... भारत की अंडर-19 टीम के कप्तान मोहम्मद अमान जापान के खिलाफ शतक जड़कर सुर्खियों में छाए हुए हैं। सोमवार को खेले गए मुकाबले में युवा बल्लेबाज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सात चौकों की मदद से 122 रनों की नाबाद पारी खेली और जापान के सामने 340 रन का लक्ष्य रखा। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं रहा। उनकी कहानी किसी फिल्म की पटकथा से कम नहीं है। आइये जानते हैं... इस तरह हुआ क्रिकेट से लगाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में जन्मे मोहम्मद अमान 2011 में क्रिकेट से मुखातिब हुए थे। भारत ने 1983 के बाद दूसरी बार महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे विश्व कप की ट्रॉफी जीती थी। तब अमान सिर्फ पांच वर्ष के थे। बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उन्होंने भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया ऐतिहासिक फाइनल मुकाबला अपने पड़ोसी की टीवी पर देखा था। भारत की छह विकेट से जीत के बाद सभी ने जमकर जश्न मनाया । तब अमान छोटे थे, लेकिन क्रिकेट से उनका एक खास रिश्ता बन गया। उन्होंने पहले गली-मोहल्ले में खेलना शुरू किया, बाद में शहर में होने वाले छोटे-बड़े टूर्नामेंट्स में भाग लेना शुरू किया। माता-पिता को खोया अमान के जीवन में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें क्रिकेट छोड़ने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। 2020 में उनकी मां का कोविड के कारण देहांत हो गया। 2022 में उनके पिता जो ट्रक ड्राइवर थे, उन्होंने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। अब परिवार की जिम्मेदारी उनके सिर पर आ गई। पिता के देहांत के तीन-चार दिन बाद ही उन्हें अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए यूपी कैंप से फोन आया था। अपने कोच राजीव गोयल से सलाह के बाद उन्होंने खेलने का फैसला लिया, लेकिन वह कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। क्रिकेट से दूरी बनाने की आई नौबत जब वह वापस लौटे तो फिर परिवार की जिम्मेदारियों ने उन पर हावी होना शुरू कर दिया। एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने क्रिकेट से दूरी बनाने का भी फैसला कर लिया। वह अपने कोच से मदद मांगने के लिए गए। तब उनके कोच ने उन्हें स्टेडियम में छोटे बच्चों को कोचिंग देने की नौकरी दे दी। इस तरह क्रिकेट से अमान के तार जुड़े रहे। सितंबर में मिली कप्तानी सितंबर में अमान को भारत की अंडर-19 टीम की कमान पहली बार सौंपी गई थी। पुडुचेरी में भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कप्तान चुना। इसने उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल दी। अब वह एशिया कप में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफखेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में अमान ने दो अर्धशतकों की मदद से 129 रन बनाए थे। यह सीरीज भारत ने 3-0 से अपने नाम की थी। फैंस को उम्मीद है कि अब एशिया कप में भी अमान भारत को जीत दिलाने में कामयाब होंगे।

आईपीएल के बाद खुद को दूसरे नंबर की लीग के रूप में स्थापित कर रहा है एसए20

ग्रीम स्मिथ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका का यह घरेलू टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टी20 प्रतियोगिता के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। एसए 20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था।

मुंबई । एसए20 के आयुक्त ग्रीम स्मिथ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका का यह घरेलू टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टी20 प्रतियोगिता के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। एसए20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था लेकिन इस बार यह लीग नए साल में होने वाले टेस्ट मैच के तुरंत बाद आयोजित की जाएगी ताकि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ी भी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी भाग लेंगे। वह इसमें खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। स्मिथ ने एसए20 इंडिया डे पर पत्रकारों से कहा,''यह कहना सही नहीं लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते हैं लेकिन सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नहीं है। वह अविश्वसनीय टूर्नामेंट है जिसने क्रिकेट के परिदृश्य में बदलाव में अहम भूमिका निभाई है।'' उन्होंने कहा,''हम भाग्यशाली हैं कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया। हमने एसए20 को आगे बढ़ाने के लिएबीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर काम किया। हमें उनसे काफी कुछ सीखने को मिला।'' कार्तिक इस टूर्नामेंट में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वह लीग के भारत के दूत भी हैं। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद एसए20 सबसे अच्छी प्रतियोगिता थी जिसमें वह भाग ले सकते थे। कार्तिक ने कहा,''जब मैंने आईपीएल के बाद संन्यास लेने की घोषणा की तो तब भी मैं क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता था। मैं झूठ नहीं बोलूंगा। मैं सोच रहा था कि मेरे लिए क्या विकल्प है और इसका पता कैसे करना है क्योंकि मैं कभी किसी अन्य लीग का हिस्सा नहीं रहा।'' उन्होंने कहा,''मैंने उन खिलाड़ियों से पूछा जो अन्य लीग का हिस्सा रहे हैं और एक बात जो सर्वसम्मति से सामने आई, वह यह थी कि एसए20 सबसे अच्छाऔर रोमांचक टूर्नामेंट है। इसमें सबसे दिलचस्प प्रतिद्वंद्विता भी है।

अगले ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी की जीत महत्वपूर्ण

रानी रामपाल का मानना छ्है कि भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी का खिताब बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों के लिए उसकी तैयारी की शुरुआत है। महिला हॉकी टीम इस पूरे साल संघर्ष करती रही और वह पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही।

रोहतक । पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना छ्है कि भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी का खिताब बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों के लिए उसकी तैयारी की शुरुआत है। भारतीय महिला हॉकी टीम इस पूरे साल संघर्ष करती रही और वह पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही। भारतीय टीम हालांकि हाल में अपना तीसरा एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने में सफल रही। रानी ने पीटीआई से कहा, ''एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी की जीत हमारी महिला हॉकी टीम के लिए तैयारी के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। इससे उसने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारी की शुरुआत कर दी है। यह अच्छी शुरुआत है। कोच हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।'' इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने हॉकी से संन्यास ले लिया था। इससे पहले उन्हें भारत की सब जूनियर महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था। रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके मुद्दों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा,''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी सफलता हासिल कर सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने की कोशिश की।'' यह पूर्व स्ट्राइकर आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में काम करेगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरहके दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने की पूरी कोशिश करूंगी। युवा खिलाड़ियों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रदर्शन करने का बहुत दबाव होता है। में इसमें उनकी मदद करना चाहूंगी।

ये खिलाड़ी बन सकता है कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान

आईपीएल 2025 का आगाज अगले साल होगा, लेकिन उससे पहले कई टीमें ऐसी भी हैं जिन्हें अपने कप्तान का चयन करना है। इन्हीं में से पिछले साल आईपीएल 2024 की विजेता टीम कोलाकात नाइट राइडर्स जिसके कप्तान की चर्चा हो रही है। डिफेंडिंग चौंपियंस ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं रिंकू सिंह को 13 करोड़ में रिटेन किया था। ऐसे में ऑक्शन के बाद केकेआर के अगले कप्तान को लेकर इन दोनों खिलाड़ियों का नाम चर्चा में था। लेकिन अब केकेआर के कप्तान को लेकर अलग ही खबरे आ रही हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार बेस प्राइस पर खरीदे जाने वाले अंजिक्य रहाणे को टीम कप्तान बना सकती है। रिपोर्ट के अनुसार टी20 क्रिकेट करियर में एक उल्लेखनीय मोड़ पर मुंबई के रणजी ट्रॉफी कप्तान अंजिक्य रहाणे आईपीएल 2025 में केकेआर की कप्तान के लिए प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। टाइम्स ऑफइंडिया से फ्रेंचाइजी के एक सूत्र ने कहा कि, जी हां फिलहाल ये 90 प्रतिशत तय है कि अंजिक्य केकेआर के नए कप्तान होंगे। उन्हें केकेआर ने खास तौर पर कप्तानी के लिए एक बेहतर विकल्प के तौर पर खरीदा है। रहाणे इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। उससे पहले केकेआर के लिए भी खेल चुके हैं। जबकि वह राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर चुके हैं। 36 वर्षीय रहाणे को केकेआर ने उनके बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। रहाणे फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेल रहे हैं। उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। नागालैंड के खिलाफ मैच में उन्हें बल्लेबाजी नहीं मिली। इससे पहले केरल के खिलाफ68 और महाराष्ट्र के खिलाफ52 रन की पारी खेली। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी श्रेयस अय्यर कर रहे हैं जिनकी कप्तानी में पिछले साल कोलकाता ने आईपीएल खिताब जीता था। इस बार वो पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए दिखेंगे।

ऑस्ट्रेलिया को साउथ अफ्रीका ने एक पायदान नीचे धकेला, टीम इंडिया अभी भी नंबर 1

साउथ अफ्रीका को मिली जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम को बड़ी निराशा मिली और ये टीम ॅज्ब् अंकतालिका में तीसरे स्थान पर आ गई। इससे पहले कंगारू टीम दूसरे स्थान पर मौजूद थी। भारत के खिलाप दूसरे टेस्ट मैच से पहले ये ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर बिल्कुल भी नहीं है। वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप की पॉइंट टेबल में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को बड़ा नुकसान हुआ है। साउथ अफ्रीका ने टेम्बा बावुमा की कप्तानी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में 233 रन से बड़े अंतर से हरा दिया। इस मैच में बेहतरीन ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले मार्को यानसेन को प्लेयर ऑफद मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप की अंकतालिका में ऑस्ट्रेलिया को नीचे धकेल दिया और दूसरे नंबर पर पहुंच गई। साउथ अफ्रीका की इस जीत से भारत को कोई फर्क नहीं पड़ा और अब भी पहले नंबर पर है। डरबन टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका को मिली जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम को बड़ी निराशा मिली और ये टीम ॅज्ब् अंकतालिका में तीसरे स्थान पर आ गई। इससे पहले कंगारू टीम दूसरे स्थान पर मौजूद थी। भारत के खिलाप दूसरे टेस्ट मैच से पहले ये ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर बिल्कुल भी नहीं है। साउथ अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी के 223-25 साइकल में अब तक 9 मैच खेले हैं जिसमें उसे 5 में जीत मिली है जबकि 3 मैचों में हार मिली है और 1 मैच ड्रॉ रहा है। इस टीम की जीत का प्रतिशत अब 59.260 है। भारत की बात करें तो इस टीम ने 15 मैचों में 9 मैच जीते हैं जबकि 5 मैच गंवाए हैं और एक मैच ड्रॉ खेला है। भारत की जीत का प्रतिशत अभी 61.110 है और वो अब भी पहले नंबर पर बरकरार है। वहीं कंगारू टीम ने 13 में से 8 मैच जीते हैं और 4 में उनसे हार मिली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है और इस टीम की जीत का प्रतिशत 57.690 है। अंकतालिका में इंग्लैंड की टीम चौथे नंबर पर है जबकि श्रीलंका की टीम 5वें नंबर पर है। वहीं पाकिस्तान 7वें नंबर पर है।

चीन का लिथियम बैटरी उत्पादन तिब्बती लोगों के लिए बना मुसीबत

बीजिंग। चीन में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माताओं के लिए लिथियम बैटरी उत्पादन क्षमता 2022 में एक टेरावाट घंटे से बढ़कर 2025 में तीन टेरावाट घंटे और 2030 तक 4.5 टेरावाट घंटे तक पहुंचने वाली है। लेकिन तिब्बत के पठार पर रहने वाले तिब्बती लोगों के लिए यह एक आपदा बन गई है। चीन की सरकार लिथियम बैटरी निर्माताओं को लिथियम की आपूर्ति के लिए तिब्बत के लिथियम खजाने की खुदाई करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे तिब्बत के नाजुक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। पहले चीन दुनिया के सबसे बड़े ईवी बाजार के रूप में दूसरे देशों से लिथियम की आपूर्ति पर निर्भर था। लेकिन अब बीजिंग तिब्बत के विशाल लिथियम भंडार का दोहन कर रहा है, जो चीन का 85 प्रतिशत लिथियम भंडार माने जाते हैं। तिब्बती शोधकर्ताओं के अनुसार, यह सफेद सोने की दौड़ चीनी खनिकों को सस्ते और गंदे प्रसंस्करण तकनीकों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर कर रही है। चीन की प्रमुख इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी बीवाईडे को तिब्बत में चाब्येर त्साका झील (जिसे चीन में जाबुये झील कहा जाता है) पर 20 साल का पट्टा सौंपा गया है। यह झील तिब्बत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है और इसमें लिथियम कार्बोनेट की अत्यधिक सांद्रता है। कई अन्य चीनी कंपनियां भी तिब्बत में आ चुकी हैं और लिथियम निकालने के लिए काम कर रही हैं। तिब्बती लोग, जो इस खुदाई के पर्यावरणीय खतरों का सामना कर रहे हैं, इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इसके बजाय, वे प्रदूषण और कारखानों के निर्माण से केवल परेशान हो रहे हैं। लिथियम निकालने के लिए चीनी कंपनियां जो तरीके अपना रही हैं, जैसे कि नमकीन जलाशयों से जलवाष्प निकालना और कठोर चट्टानों की खनन करना, इससे पर्यावरणीय नुकसान हो रहा है क्योंकि इसमें विषैले रसायनों का उपयोग किया जा रहा है। तिब्बत के कुम्बुम मठ के पास गन्हेतन औद्योगिक क्षेत्र अब हवा के प्रदूषण के लिए प्रसिद्ध हो गया है। यहां, चाइनीज कंपनियों के खनन कार्यों से भूमि, पर्वतों और जलधाराओं को नुकसान हुआ है। जल स्रोतों का प्रदूषण और पौधों का नष्ट होना इसके साथ-साथ हुआ है। यह प्रदूषण फ्लुओरोसिस जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है, जिससे दांत कमजोर हो रहे हैं और आसपास की भूमि कृषि के लिए अनुपयुक्त हो गई है। चीन के ळंद्रप्रीवन त्वदहकं स्पजीपनउ कंपनी ने पूर्वी तिब्बत के डार्तसेडो में लिथियम खनन करने के लिए विषैले रसायनों का इस्तेमाल किया है, जिससे लिचु नदी के पानी में मछलियां और फार्म जानवर मारे गए हैं। डार्तसेडो काउंटी के निवासियों ने इस पर विरोध जताया था और कुछ समय के लिए खनन रोक दिया गया था।

आसान जीत के साथ पीवी सिंधु ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शनिवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चौंपियनशिप 2024 के महिला एखल के सेमीफाइनल में हमवतन उन्नति हूडा के खिलाफ21-12, 21-9 की आसान जीत दर्ज कर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बीबीडी स्पोर्ट्स अकादमी के बैडमिंटन कोर्ट नंबर एख पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले हरियाणा की 17 वर्षीय खिलाड़ी ने अनुभवी सिंधू को शुरुआती दौर में टक्कर देने का प्रयास किया लेकिन सिंधू ने जल्द ही गियर बदलते हुए।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया प्राइम मिनिस्टर 11 को दी मात

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया प्राइम मिनिस्टर 11 को कैनबरा के मनुका ओवर में 2 दिवसीय अभ्यास मैच में 6 विकेट से मात दी। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन अच्छा नहीं था। वह मिडिल ऑर्डर में खेले। वहीं शुभमन गिल ने अपना फिफ्टी जड़ा।

31 मिनट तक चले मुकाबले में लक्ष्य सेन की जीत, सिंगापुर के शटलर को 21-6, 21-7 को हराया

लखनऊ। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में 23 वर्षीय खिलाड़ी ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 31 मिनट तक चले मुकाबले में 21-6, 21-7 से हराया। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद लक्ष्य सेन ने दमदार वापसी करते हुए सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज की। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में 23 वर्षीय खिलाड़ी ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 31 मिनट तक चले मुकाबले में 21-6, 21-7 से हराया। यह पहला मौका है जब लक्ष्य ने इस खिताब पर कब्जा जमाया है। लक्ष्य का कोई जवाब नहीं शुरुआती मुकाबलों की तरह पुरुष एकल में लक्ष्य सेन ने फाइनल में भी अपना दबदबा कायम करते हुए पहली बार सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब अपने नाम किया। लक्ष्य ने अपने दमदार प्रदर्शन से मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। दूसरी ओर सिंगापुर के चौथी वरीय खिलाड़ी जिया हेंग जेसन तेह कहीं से भी रंग में नहीं दिखे। लक्ष्य ने मुकाबला 21-7, 21-7 से हराते हुए पुरुष एकल खिताब पर कब्जा जमाया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।